# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg.No. - CHHHIN / 2009/36148
डाक पंजीयन क्र. - 49 / रायगढ़ / C.G./2021-2023

वर्ष - 14 ■ अंक - 102 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 14 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

www.cgfrontline.com


# कोरोना अलर्टः चार दिनों में पांच से 12 वर्ष के चार बच्चे जांच में मिले पॉजिटिव

## अब तक 58 पॉजिटिव केस सामने आए, इनमें सर्वाधिक 50 अंबिकापुर के

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में कोरोना संक्रमितों की बढ़ती रफ्तार के बीच पांच से नौ वर्ष के तीन बच्चे भी जांच में संक्रमित मिले हैं, जो अंबिकापुर के रहने वाले हैं। इसके पहले 10 अप्रैल को 12 वर्ष की एक बालिका संक्रमित मिली थी। सभी का उपचार शहर के अस्पताल में चल रहा है। गुरूवार, 13 अप्रैल को सरगुजा जिले में 23 कोरोना पॉजिटिव केस मिले, जिसमें अंबिकापुर शहर के महुआपारा, पटपरिया, गोधनपुर, गांधीनगर, केनाबांध, नमनाकला, केदारपुर, कन्या परिसर कॉलोनी, सुभाषनगर, शिवधारी कॉलोनी, देवीगंज रोड, वसुंधरा कॉलोनी, महामाया मंदिर के पास रहने वाले 18 कोरोना संक्रमित शामिल हैं। जिले के लखनपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम अंधला, केवरा, गोरता की तीन महिलाएं पॉजिटिव मिली हैं। इसके अलावा उदयपुर विकासखंड में दो पॉजिटव केस सामने आए हैं। इसे देखते हुए लोगों को स्वयं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सजग कर दिया गया है।



फाइल फोटो

संक्रमितों का उपचार अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा यूपीएचसी नवापारा, होलीक्रॉस अस्पताल, सीएचसी लखनपुर व उदयपुर अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य प्रशासन एहतियात बतौर चिकित्सकों की निगरानी में सभी संक्रमितों का उपचार करा रहा है। 10 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच सामने आए कोरोना पॉजिटिव केस पर गौर करें तो अब तक कुल 58 कोरोना पॉजीटिव केस मिले हैं। संक्रमितों के सामने आने की शुरूआत 10 अप्रैल को हुई थी, इस दिन सात पॉजिटिव केस मिले थे। इसके बाद 11 व 12 अप्रैल को क्रमशः 14-14 पॉजिटिव केस सामने आए। 13 अप्रैल को यह संख्या 23 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य सुरक्षा व प्रारंभ से सभी को बेहतर उपचार की सुविधा मिले, इसे ध्यान में रखकर केंद्र व राज्य सरकार की ओर से एहतियात बरतते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जांच में तेजी लाने कहा था। हाल में सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ितों को कोविड परीक्षण से गुजरना पड़ रहा है, जिस कारण संक्रमितों की संख्या में तेजी आते जा रही है। पॉजिटिव केस में दिनोंदिन वृद्धि होते देख स्वास्थ्य अमला प्रारंभिक तैयारियां पूरी करके रखा है। इन्हें आवश्यक दवाओं की उपलब्धता कराई जा रही है। वृद्धों सहित डायबिटिज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, किडनी की बीमारियों से ग्रसित एवं कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को भीड़भाड़ वाले स्थलों में जाने से परहेज करने अलर्ट किया गया है।

| 10 से 13 अप्रैल तक पॉजिटिव केस | |
|---|---|
| 10 अप्रैल सोमवार | 07 पॉजिटिव |
| 11 अप्रैल मंगलवार | 14 पॉजिटिव |
| 12 अप्रैल बुधवार | 14 पॉजिटिव |
| 13 अप्रैल गुरूवार | 23 पॉजिटिव |

# टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा के चुनाव में पैलेस समर्थकों का दबदबा कायम

## डीके शर्मा व तृप्तराज सिंह धंजल लगातार दूसरी बार अध्यक्ष व सचिव निर्वाचित

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें पैलेस समर्थक डीके शर्मा तथा तृप्तराज सिंह धंजल लगातार दूसरी बार अध्यक्ष व सचिव निर्वाचित हुए। बता दें टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा की (वर्ष 2023-25) कार्यकारिणी हेतु चुनाव 12 अप्रैल 2023 को शहर के होटल पंचानन में संपन्न हुआ था। बार के इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु अभिषेक शर्मा एवं डीके शर्मा के बीच एवं सचिव पद हेतु लक्ष्मण साहू एवं तृप्तराज सिंह धंजल के बीच सीधा मुकाबला हुआ था। अध्यक्ष पद हेतु लगातार दूसरी बार डीके शर्मा एवं सचिव पद के लिए तृप्तराज सिंह धंजल निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी श्रीमती एसजी पांडेय तथा आरके ओझा ने चुनाव संपन्न कराया। बार के सभी सदस्यों ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को नवीन ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए बधाई दी।



### बार एवं व्यवसाय जगत के हित में करेंगे कार्य



बार के निर्वाचित अध्यक्ष डीके शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी को साथ लेकर बार एवं व्यवसाय जगत के हित में कार्य करने की बात कही। उन्होंने जीएसटी सरलीकरण की दिशा में, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष कर को लेकर आम जनता व व्यवसायी वर्ग के बीच जागरूकता फैलाने एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनने की बात कही। निर्वाचित सचिव टीएस धंजल ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और बार के हित में सभी को साथ लेकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### चुनाव अधिकारी ने शत-प्रतिशत मतदान पर जताया आभार

चुनाव अधिकारी द्वय श्रीमती एसजी पांडेय तथा आरके ओझा ने शत-प्रतिशत मतदान होने पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी इसी सक्रियता के साथ बार की गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान किया। बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित कर दोगुना ऊर्जा के साथ नई कार्यकारिणी को कार्य करने कहा।

### टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी

टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव पश्चात एक कोषाध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष डीके शर्मा, सचिव टीएस धंजल के अलावा कोषाध्यक्ष योगेश जैन, उपाध्यक्ष प्रथम प्रवीण सिंह, उपाध्यक्ष द्वितीय उषा अग्रवाल, संयुक्त सचिव प्रथम एलपी वर्मा, संयुक्त सचिव द्वितीय पुनीत गुप्ता, प्रचार एवं सांस्कृतिक सचिव अंकित अग्रवाल, लेखापाल संजय अग्रवाल व कार्यकारिणी सदस्यों में अजय केसरी, कमलेश जायसवाल, वेद प्रकाश शुक्ला, शमसार अली, शिवा अग्रवाल शामिल हैं।

# विद्यार्थियों ने शक्कर बनाने व गन्ने के भूसे से बिजली उत्पादन की प्रक्रिया को देखा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती महाविद्यालय सुभाषनगर अंबिकापुर के एमएससी रसायन शास्त्र, भौतिक तथा गणित के द्वितीय सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. बीपी तिवारी के निर्देशन में सोशल आउटरीच प्रोग्राम के तहत सूरजपुर जिले में स्थित मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने शक्कर कारखाने के सभी यूनिट का अवलोकन किया। सबसे पहले गन्ने को तौलने के पश्चात कारखाने के अंदर शक्कर बनाने की प्रक्रिया को उन्होंने देखा। कारखाने में उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि यहां शक्कर के अलावा दो मुख्य उत्पाद मौलसिस और जैविक खाद का निर्माण किया जाता है। कारखाने के तकनीकी सहायक ने बताया कि गन्ने के भूसे से यहां छह मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। छह मेगावाट विद्युत में से 3.5 मेगावाट बिजली से कारखाना पूर्ण रूप से चलाया जा रहा है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि शेष बिजली को संरक्षित कर उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की योजना जल्द ही प्रारंभ की जाएगी। कारखाने में शक्कर बनाने के पश्चात गोदाम में रखकर उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की सभी प्रक्रियाएं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को सिलसिलेवार बताईं, जिससे सभी विद्यार्थियों की जिज्ञासा का भी समाधान हुआ। तत्पश्चात ग्राम पंचायत केरता के सरपंच से मिलकर ग्राम पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं मनरेगा, नरवा-गरूवा, घुरवा-बारी, उज्जवला योजना, सुकन्या योजना तथा सड़क निर्माण संबंधी सभी जानकारियां प्राप्त की। विद्यार्थियों ने ग्राम का सर्वेक्षण भी किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों में प्रवीण शर्मा, सुरेश यादव, रितु सिंह, रविंद्र साहू, रंजना द्विवेदी एवं एमएससी द्वितीय सेमेस्टर (गणित रसायन भौतिक) के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# बस्तामुक्त विद्यालय में टीबी मुक्त समाज हेतु दिलाया शपथ



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में पिरामल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष गुप्ता, जिला कार्यक्रम समन्वयक राजनारायण द्विवेदी व हमर रेडियो विश्रामपुर से विरेश सिंह की उपस्थिति में टीबी रोग के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी के नेतृत्व में संस्था के प्रधानमंत्री गोपाल राजवाड़े एवं उप प्रधानमंत्री रीता सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उदबोधन में संस्था प्रमुख द्वारा संस्थागत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए बस्तामुक्त शाला की अवधारणा, अध्ययन-अध्यापन, किचन गार्डन में जैविक खेती सहित छात्र-छात्राओं के कौशल विकास कार्यक्रम की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम समन्वयक राजनारायण द्विवेदी द्वारा टीबी रोग के प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए पलमोनेरी टीबी को फेफड़े में पाई जाने वाली टीबी तथा एक्स्ट्रा पलमोनेरी टीबी को फेफड़े को छोड़कर शेष अन्य अंग में होने वाली रोग के बारे में बताया। उन्होंने फेफड़े वाली टीबी के सामान्य लक्षणों के संबंध में बताया कि ऐसे रोगी को दो से तीन सप्ताह तक लगातार बुखार आती है, हल्का बुखार हमेशा रहता है, थकान, सीने में दर्द, भूख में कमी, वजन में कमी, शाम को पसीना आना तथा बलगम के साथ खून आने जैसी शिकायत रहती है। बलगम का जांच कराकर हम टीबी की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं व रोकथाम में बीसीजी का टीका लगाना है। जिसे जिला चिकित्सालय में नि-शुल्क लगाए जाने की जानकारी व नि:शुल्क उपचार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताया कि हमारे नाखूनों तथा बालों में टीबी कभी नहीं पाया जाता। हमें धूम्रपान व नशीली पदार्थों का सेवन करने से सदैव बचने तथा घर-परिवार एवं समाज के लोगों को भी इस दिशा में जागरूक करने की जरूरत है। हमर रेडियो कार्यक्रम से पहुंचे विरेश सिंह ने कहा कि प्रतिमाह प्रति व्यक्ति 500 रुपए पूरक पोषण आहार के लिए टीबी रोगी को दी जाती है ताकि वे पर्याप्त मात्रा में पोषण आहार ले सके।

भारत देश से 2025 तक टीबी को दूर करना है तो वहीं यूनेस्को द्वारा पूरे विश्व से 2030 तक दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान संस्था के शिक्षक श्रीमती एम. टोप्पो, रिजवान अंसारी, उमाशंकर पटेल, सुमित्रा राजवाड़े, नान दईया उपस्थित थे। टीबी मुक्त समाज बनाने हेतु विद्यार्थियों व उपस्थिजन को शपथ भी दिलाई गई।

## रायपुर ऑटोमोबाइल्स एसोसिएशन द्वारा रायपुर में हो रहा है ऑटो एक्सपो का आयोजन

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** रायपुर ऑटोमोबाइल्स एसोसिएशन द्वारा रायपुर में ऑटो एक्सपो का आयोजन किया गया है। ऑटो एक्सपो में 11 से 18 अप्रैल तक विभिन्न शर्तों एवं निर्बंधनों के अधीन मोटरयान जीवनकाल कर में 50 फीसदी छूट प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस ऑटो एक्सपो में राज्य का कोई भी डीलर भाग ले सकता है।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिला परिवहन अधिकारी ने इस ऑटो एक्सपो में भाग लेने के इच्छुक सभी डीलरों से, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर से ऑटो एक्सपो हेतु व्यापार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है।

# नपं क्षेत्र में बेरोजगारी भत्ता हेतु किया जा रहा जागरूक



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** भुपेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता एवं राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत निकाय के वार्डों में योजना का प्रचार प्रसार नपं कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। निकाय की मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती युफ्रीसिया एक्का अपने दल बल के साथ वार्डों में संपर्क कर लोगों को शिक्षित बेरोजगार हेतु शासन की योजना के तहत मिलने वाली राशि 2500 रुपए प्रतिमाह एवं राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत ऐसे लोग जिनके पास भूमि नहीं है उन्हें शासन द्वारा प्रति वर्ष 7000 रुपए दिए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों से उक्त योजना का लाभ अधिकाधिक लिए जाने का आह्वान किया गया। साथ ही योजना का प्रचार प्रसार मुनादी के माध्यम से भी नगर पंचायत क्षेत्र में कराया जा रहा है। वार्डों में प्रचार प्रसार के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी युफ्रिसिया एक्का के साथ निकाय के कैशियर रनदीप दास, स्वच्छता प्रभारी अरविंद यादव, परवेज खान, आकाश सिन्हा सक्रिय रहे।

# पुलिस द्वारा क्षेत्र में की जा रही पैदल गश्त व पेट्रोलिंग

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय मौजूदगी बनाए रखते हुए लगातार पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में गुरूवार को विश्रामपुर पुलिस द्वारा शांति एवं सुरक्षा प्रबंध को बनाए रखने के लिए मुस्तैदी से नगर के मेन रोड़, अम्बेडकर चौक सहित विभिन्न स्थानों पर पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करते हुए संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा गई। इस दौरान बिश्रामपुर थाना प्रभारी केडी बनर्जी सहित उनकी टीम सक्रिय रही।



## अमृत सरोवर का नामकरण क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर

**नगरी। छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट आजादी का महापर्व अमृत महोत्सव के तहत बन रहे अमृत सरोवर का नामकरण क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.माखनलाल विश्वकर्मा, ग्राम मांताभर्री और शहीद तिरनसिंह मांझी, ग्राम अर्जुनी के नाम किया गया।

# बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती आज 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी।

सूर्यवंशी महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल कुर्रे के निर्देशानुसार सरगुजा संभागीय अध्यक्ष आदेश कुमार रवि ने बताया कि संगठन के बैनर तले सरगुजा संभाग के सभी जिलों (सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर जशपुर, कोरिया, एमसीबी) के अलावे ब्लाकों में भारतरत्न व भारतीय संविधान के शिल्पकार शोषितों के मसीहा बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती आज 14 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ पूरे सरगुजा संभाग में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड प्रतापपुर में विशाल शोभायात्रा कर सांस्कृतिक भवन प्रतापपुर में किया जाएगा। इस अवसर पर अम्बेडकर जी के अनुयायियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने आह्वान किया गया है।




## केन्द्र सरकार द्वारा जनजातियों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए किये जा रहे योजनाओं की जानकारी दी

**नगरी। छ.ग. फ्रंटलाइन।** भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के सामाजिक न्याय सप्ताह (6 अप्रैल से 14 अप्रैल ) के तहत अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आत्म निर्भर भारत के तहत जनजाति समाज को आत्म निर्भर करने, जागरूक करने एवं रोजगार से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी देने आज 8 अप्रैल शनिवार को प्रात: 9 बजे नगरी मंडल के ग्राम ठेनही और तुमड़ीबहार में ग्रामवासियों को केन्द्र सरकार द्वारा रोजगार गारंटी के तहत बढ़ाये गये पारिश्रमिक एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई।

# कोयला श्रमिक संघ सीटू में स्थानांतरित कर्मचारी का क्षेत्रीय कार्यकारिणी में नियुक्ति ?

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** कोयला श्रमिक संघ सीटू का क्षेत्रीय बैठक नगर के वीआईपी गेस्ट हाउस में कोयला श्रमिक संघ सीटू के महासचिव कामरेड वीएम मनोहर एवं अध्यक्ष कामरेड देवेंद्र निराला की मौजूदगी में संपन्न हुआ। बैठक में घोषित कार्यकारिणी में एक व्यक्ति का नाम, जो बिश्रामपुर क्षेत्र के बजाए कुसमुंडा क्षेत्र के हैं कि नाम शामिल किए जाने की चर्चा आज जोरों पर रही। गौरतलब है कि कोयला श्रमिक संघ सीटू की बैठक बुधवार को नगर में संपन्न हुई थी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा जो सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित की गई है, उसमें कार्यकारिणी में छठवें नंबर पर पूरनलाल लाठिया का नाम अंकित किया गया है जो वर्तमान में कुसमुंडा क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, क्योंकि उसका स्थानांतरण हो चुका है। ऐसी स्थिति में उसका नाम बिश्रामपुर क्षेत्र के सांगठनिक बैठक में किस तरह अंकित किया गया यह बड़े सवाल खड़े कर रहा है। क्षेत्र के सभी लोगों को मालूम है कि उक्त कर्मचारी का स्थानांतरण बिश्रामपुर क्षेत्र से कुसमुंडा क्षेत्र में हो चुका है। इस संबंध में कोयला श्रमिक संघ सीटू के अध्यक्ष कामरेड देवेन्द्र निराला ने जानकारी चाहे जाने पर बताया कि संघ के किसी भी पदाधिकारी के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके स्थान पर नए पदाधिकारी की नियुक्ति की जानी रहती है।

इसी तारतम्य में उक्त बैठक आहूत की गई थी। बैठक में जो उपस्थित संगठन के क्षेत्रीय सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई थी उसी के आधार पर कार्यकारिणी में पूरनलाल लाठिया को सदस्य बनाया गया है। हमें क्या मालूम कि क्षेत्रीय स्तर पर कौन यहां पदस्थ है या कौन अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित हो चुका है। जैसी जानकारी स्थानीय सदस्यों व पदाधिकारियों ने उपलब्ध कराई थी, उसके आधार पर सर्वसम्मति से गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में जो पुराने पदाधिकारियों का आवेदन आया है, उस पर भी विचार विमर्श किया जा रहा है।

# उसलापुर से मंगला चौक तक बेजा कब्जा पर चला बुलडोजर

**बिलासपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी मंगला चौक से लेकर उसलापुर की सड़क का चौड़ीकरण होना है, लेकिन मिनोचा कालोनी के बने बंगला व दुकानों ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा है, वही शनिवार को ऐसे रसूखदारों के अवैध कब्जा पर निगम का बुलडोजर चला। जिससे कब्जा करने वाले रसूखदार दहशत में आ गए है। नगर निगम ने मंगला चौक से उसलापुर की सड़क किनारे की शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालो को दो महीने पहले नोटिस देकर अपना अवैध निर्माण तोड़कर कर शासकीय जमीन खाली करने के निर्देश दिए थे, लेकिन कब्जा धारियों द्वारा जमीन नहीं खाली किया गया।



ऐसे में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी दस्ता और पुलिस की टीम कार्यवाही के लिए पहुच गई। जहां मिनोचा कालोनी में सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जा को हटाया गया। इस दौरान घरो के बाउंड्रीवाल व दुकान आदि पर बुलडोजर चलाया गया है।

**बड़ी संख्या में थे पुलिस बल तैनात**

इस दौरान विरोध होने की भी आशंका रही, इसको देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस जवान भी तैनात रहे। ऐसे में किसी भी प्रकार का विरोध देखने को नहीं मिला। निगम की टीम ने चेतावनी दी है कि अब बचे अतिक्रमण हटा लें, नही तो कार्यवाही तय है।

इधर उसलापुर में भी ओवरब्रिज का सुंदरीकरण होना है। ओवरब्रिज के नीचे प्ले ग्राउंड भी बनाना है। लेकिन ओवरब्रिज के नीचे बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। इसको देखते हुए अतिक्रमण विरोधी टीम वहां भी पहुच गई और ब्रिज के नीचे को अतिक्रमण मुक्त बनाया गया है। इस दौरान ठेला गुमटी जब्त किया गया है। वही अब आने वाले कुछ ही दिन के भीतर ब्रिज का सुंदरीकरण चालू कर दिया जाएगा।

# शिक्षा मंत्री टेकाम ने जारी किया एनुअल स्टेट्स ऑफएजुकेशन रिपोर्ट, कहा - नवाचार से लर्निंग लॉस में हुआ व्यापक सुधार

**रायपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** स्कूल शिक्षा मंत्री डॉक्टर प्रेम साय सिंह टेकाम ने अपने निवास कार्यालय में एनुअल स्टेट्स ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट 2022 ग्रामीण को जारी किया. मंत्री ने बताया कि असर द्वारा छत्तीसगढ़ की 28 ज़िलों में 1679 गाँव के 33,330 घरों तक पहुँचकर 3-16 उम्र के 64,131 बच्चों का सर्वेक्षण किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में 5-16 उम्र वर्ग के बच्चों की पढ़ने गणित और अंग्रेज़ी पढ़ने लिखने की क्षमता का आंकलन किया गया है. महिला सर्वे 2021 अक्टूबर नवंबर में आयोजित किया गया था. जब महामारी के कारण कई महीनों स्कूल बंद रहने के कारण विद्यार्थियों का स्तर गिरा था. लर्निंग लॉस हुआ था. इसको देखते हुए शिक्षकों द्वारा किए गए विभिन्न नवाचार योजनाओं के चलते लर्निंग लॉस में व्यापक सुधार हुआ है। टेकाम ने कहा, पढ़ने लिखने समझने के कौशल में बच्चों में अपेक्षित सुधार देखा गया है. भाषा के मामले में कक्षा तीसरी के बच्चों का अनुपात जो कक्षा दो स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं



उसके आंकड़े में 12त्न की वृद्धि हुई है, जो 2021 के सर्वे में 12.4त्न था जो 2022 में बढ़कर 24.2त्न हो गया है. इसी तरह कक्षा पाँचवी और आठवीं में भी 10.6 और 7.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.

इसके अलावा गणित में कक्षा पाँचवी में बच्चों का प्रतिशत 2018 में 26.9त्न था जो कोरोना के चलते 2021 में तेरह प्रतिशत हो गया था, लेकिन 2022 में इसमें 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और आंकड़ा 24.9त्न पहुँच गया है. अंग्रेज़ी में कक्षा पाँचवी के बच्चों की सरल अंग्रेज़ी वाक्य पढ़ने की क्षमता 2016 में लगभग 16त्न था तो वहीं कक्षा 8वीं के बच्चों में 2016 की तुलना में 2022 में 6.4त्न का सुधार हुआ है. इस तरह 2022 में 42.6त्न हो गया है.

रिपोर्ट की मानें तो विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है. शिक्षकों की औसत उपस्थिति 2021 के 85.9 प्रतिशत से 2022 में 86.8त्न ही हुई है, जबकि विद्यार्थियों की औसत उपस्थिति 2021 के 59.1- बढ़कर 2022 में 70 .9त्न हो गई है।

शिक्षा मंत्री ने कहा शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचार के चलते ही शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हो रहा है. गर्मी में भी जहाँ अंगना में शिक्षा कार्यक्रम को जारी रखते हुए समुदाय और माताओं को जोड़ा जाएगा. वहीं स्कूल जतन योजना के माध्यम से स्कूल के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत पर ज़ोर दिया गया है, ताकी विद्यार्थियों को नए सत्र में स्कूल में पढ़ने के लिए अच्छा वातावरण मिल सके. मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जहाँ बच्चों को स्थानीय भाषा में शिक्षा देने के लिए भाषायी सर्वे के आधार पर सुधारात्मक कार्य करने की दिशा में पहल की गई है।

## बालको में 105 मेगावाट हाइब्रिड बिजली की तैयारी

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कोरबा जिले में स्थापित वेदांता समूह की सहायक कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा विकासकर्ता सेरेंटिका रिन्यूएबल्स इंडिया के विशेष प्रयोजन माध्यम के साथ विद्युत वितरण समझौता किया है, ताकि इसके लिए 105 मेगावाट की हाइब्रिड बिजली प्राप्त की जा सके। कोरबा जिले में कंपनी का एल्यूमिनियम एवं विद्युत संयंत्र प्रचालन में है। बताया गया है कि परियोजना को कैप्टिव मोड के तहत संचालित किया जाएगा और इसका निर्माण बिल्ड ओन ऑपरेट के आधार पर होगा। परियोजना को 70.30 ऋ्रप्त.से.इक्विटी आधार पर वित्तपोषित किया जाएगा, जिसमें में बालको की 26 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी होगी। एसपीवी संभवत: पीडीए पर हस्ताक्षर करने के दो साल के भीतर बिजली देना शुरू कर देगा। पीडीए का 25 साल का कार्यकाल होगा, जो परियोजना के चालू होने की तारीख से शुरू होगा।

# पहाड़ी कोरवा युवाओं ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासकीय नौकरी देकर हम पर खुशियों की बौछार कर दी

## 60 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा युवाओं के चेहरे पर शासकीय नौकरी पाने की खुशी साफ झलक रही थी

**विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं युवाओं के साथ कलेक्टर और एसपी ने साथ भोजन करके खुशियां बांटी, अपने समाज के 10 बच्चों को गोद लेकर आगे बढ़ाए, पहाड़ी कोरवा युवाओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन**







छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा शिक्षित युवाओं को शासकीय नौकरी देने के निर्देश दिए थे |इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा सभी युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार शासकीय नौकरी दिया गया है। इसी कड़ी में आज 60 नवनियुक्त अभ्यथिओं के लिए कलेक्टोरेटे मंत्रणा सभा कक्ष में शासकीय कर्मचारियों के मूलभूत नियम के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर ने सर्किट हाउस में युवाओं के साथ बैठकर दोपहर का भोजन करके खुशियां बाटी। अपने बीच अधिकारियों को पाकर पहाडी कोरवा युवा बहुत ही खुश हुए शासकीय नौकरी पाने की खुशी युवाओं के चेहरे पे साफ झलक रही थी। सभी युवाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासकीय नौकरी का लाभ देकर छत्तीसगढ़ शासन ने हम पर खुशीयों की बौछार कर दी युवाओं ने खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर को बताया कि आत्मविश्वास के साथ मनोबल भी बड़ा है। और आर्थिक मजबूती भी मिली है । जिसका लाभ भी पूरे परिवार को मिल रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आई. एल. ठाकुर अपर कलेक्टर सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग के श्रीमती लवीना पाण्डे और जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा युवा बड़ी सख्या में उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा युवाओ का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि अपने समाज के 10 बच्चों को गोद लेकर आगे बढ़ाए, उन्हें शिक्षित करे आज सभी युवा शिक्षित होकर अपनी मेहनत और लगन से शासकीय सेवा में आए है। और अपने समाज का नाम रौशन भी कर रहे है। उन्होंने कहा कि आप सभी को समाज के हित के लिए कार्य करने का अवसर मिला है। इस अवसर का लाभ उठाए दूसरे बच्चों के लिए आप मार्गदर्शक बनकर उन्हें प्रेरणा दे समाज को नई दिशा प्रदान करे उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जशपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा युवा भी अब पढ़ लिखकर शासकीय नौकरी का लाभ ले रहे है। और अपने परिवार समाज का नाम रौशन भी कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समाज के विकास आर्थिक उन्नति और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। और उसका लाभ भी युवाओं को मिलने लगा है। पुलिस अधीक्षक ड़ी रविशंकर ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के दौर में शासकीय नौकरी बड़ी मुश्किल से मिलती है। आप लोग भाग्यशाली हो, आप लोगों को शासकीय नौकरी में सेवा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने सभी युवाओं को अपने दायित्वों और कर्तव्य का गंभीरता से निर्वहन करने की बात कही । उन्होंने कहा कि जीवन में संघर्ष करने से ही सफलता मिलती है। आराम करने से आदमी कमजोर हो जाता है। अपने जीवन में कर्म करते जाओ फल की इच्छा मत करो दूसरो की सहायता करो जरूरतमंदो की मदद करने के लिए भी कहा । अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा युवाओं को शासकीय नियम के शर्ते, कार्यो और दायित्वों के बारे में भी बताया। पहाड़ी कोरवा युवाओं ने अपने विचार अपने अनुभव भी साझा किए।

## तारा देवी जैन को राजस्व विभाग का नहीं काटने पड़े चक्कर आसानी से बन गए भूमि स्वामी

**भू-स्वामी का पट्टा पाकर तारा देवी हुई खुश मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद, 4 लाख 82 हजार 668 रुपए राशि जमा किया गया**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के सार्थक प्रयास से जिले के पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी का पट्टा बनाकर दिया जा रहा है। लाभान्वित हितग्राही जशपुर सरनाटोली सन्ना रोड़ निवासी श्रीमती तारादेवी जैन को छत्तीसगढ़ शासन की योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग में आवेदन देने के पश्चात् उन्हें राजस्व विभाग के चक्कर काटने नहीं पड़े। उनका आसानी से भूमी स्वामी हक का पट्टा बनाकर दे दिया गया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनको उनके जमीन का मालिकाना हक मिल गया है और अपने आने वाली पीड़ी के लिए भी किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। परिवार को भी अब दौड़ भाग करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की योजना की सराहाना करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया है। जशपुर एसडीएम सुश्री श्यामा पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अंतर्गत संचालित नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन तथा अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन के निर्धारण के तहत् भूमि स्वामी तारा देवी को प्लाट नं. 297/1 और 1300 वर्ग फीट भूमि स्वामी हक का पट्टा दिया गया है। उन्होंने व्यवस्थापन 152 प्रतिशत के तहत 4 लाख 82 हजार 668 रु. राशि जमा किया है।

## 1252 पदों हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 18 अप्रैल को

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर के द्वारा 18 अप्रैल 2023 को 1252 पदों हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैप हेतु नीड मैंन पावर सपोर्ट सर्विस प्रायवेट लिमिडेट बैगंलोर में पुरूषों के लिए विभिन्न पदों में भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत लाईन आपरेटर के 500 पद, क्वालिटी चेकिंग ऑपरेटर के 50 पद, इलेक्ट्रीशियन के 200 पद और रोबो आपरेटर एंड इलेक्ट्रीशियन के 500 पद शामिल हैं। इस हेतु शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा, ऑल ट्रेर्ड विदाउट सिविल मांगी गई है। इसी प्रकार जय अम्बे एमरजेंसी सर्विस प्रायवेट लिमिटेड जशपुर में ईएमटी के 01 पद एवं पायलेट के 01 पद में भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। ईएमटी के 01 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता एन.एन.एम., जी.एन.एम., बीएसई नर्सिग, एमपीएचडब्लू, बीएमएलटी, डीएमएलटी एवं पयलेट के 01 पद हेतु 10वीं पास एवं हेवी लाइसेंस एवं पैरामेडिकल कोर्स निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 18 अप्रैल 2023 सुबह 11 बजे अपने मूल दस्तावेज के साथ कार्यालय जिला रोजगार एवं स्व-रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं।

## कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों की ली समीक्षा बैठक

### वर्मी खाद भंडारण कर विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. के समिति प्रबंधकों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में वर्मी खाद, रासायनिक खाद और बीज भण्डारण, वितरण एवं शेष की स्थिति, समिति द्वारा जारी केसीसी की जानकारी ली और वर्मी खाद भंडारण कर विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गोठानों में निर्मित वर्मी कंपोस्ट खाद उच्च गुणवत्ता के हैं किसानों को खेती में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। समिति में आने वाले किसानों को वर्मी खाद के बारे में बताएं। वर्मी खाद खरीदी के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें तथा किसानों को बुलाकर वर्मी खाद उठाव करना सुनिश्चित करें। उन्होंने भंडारित वर्मी कंपोस्ट खाद को किसानों को बेचने में लापरवाही करने वाले समिति प्रबंधकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोठानों में गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर से अब तक उत्पादित वर्मी कंपोस्ट का विक्रय इस माह के अंत तक शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिन गोठानों में वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन, भंडारण व विक्रय की प्रगति अच्छी है, वहां के प्रभारी अधिकारियों की सराहना की और जिन गोठानों में वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन व विक्रय की प्रगति संतोषप्रद नहीं है, वहां के प्रभारी अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। मैदानी अधिकारी आपसी समन्वय से इसका क्रियान्वयन जिम्मेदारी पूर्वक करें। उन्होंने यूरिया, एनपी, डीएपी, पोटाश आदि के भंडारण की स्थिति की जानकारी ली तथा समय अवधि में वितरण करने के निर्देश दिए जिससे किसानों को परेशानी ना हो। इस अवसर पर समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, नोडल अधिकारी एवं समिति के प्रबंधक उपस्थित थे।

## जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत दुलदुला विकासखण्ड के ग्राम कोरना निवासी स्व. जितेन्द्र साय की सर्पदंश से 8 मई 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी लीलावती बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम लोधमा (ढोलचुंवा) निवासी स्व. राजकुमार राम की सर्पदंश से 19 नवम्बर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी देवमुनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

## जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए 18 माह का आवासीय स्किलिंग कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है

**150 सीटें उपलब्ध और दिए गए मो. नं. -9207284349 पर संपर्क किया जा सकता है।**

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन और नवगुरुकुल जशपुर द्वारा लड़कियों और महिलाओं के लिए 18 महीने का आवासीय स्किलिंग कार्यक्रम शुरु किया जा रहा है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जशपुर ने बताया कि सॉफ्वेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइन, मैनेजमेंट, फाइनेंस और एजुकेशन कोर्स शामिल है। इसमें 150 सीटें उपलब्ध है। कोर्स करने के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास लड़किया और महिलाएं आवेदन कर सकती है। किसी भी स्ट्रीम (विज्ञान, कला, वाणिज्य आदि) तथा आईटीआई के छात्र व पूर्व छात्र कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा छात्राओं को निः शुल्क आवासीय सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी और इस कोर्स के साथ- साथ अंग्रेजी संचार और लीडरशिप भी सिखाई जाएगी। कोर्स पूरा होने के बाद अच्छी कंपनियों में प्लेसमेंट भी करवाई जायेगी है। अधिक जानकारी के लिए आप नवगुरुकुल की वेबसाइट देख सकते हैं- https://navgurukul.org/ और दिए गए मो. नं.- 9207284349 पर संपर्क किया जा सकता है।




---

न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला
क्रमांकः 202303020700230 / विषयः— अ—6 मामले की श्रेणीः— राजस्व सनः— 2022—2023
नमना कला प.ह.नं. 00020 {157 / 57(0.2390हे0)}
पक्षकारो का विवरण—
आवेदक पक्षकार— नितेश कुमार श्रीवास्तव,
आनावेदक पक्षकार—प्रेमलता देवी,
ईश्तहार

आवेदक नितेश कुमार श्रीवास्तव आ. के0के0 लाल श्रीवास्व, निवासी पटपरिया, अंबिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 157 / 57, रकबा 0.0239 हें0 में से रकबा 0.160 भूमि को वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई—नामांतरण पोर्टल से ई—कोर्ट में प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 08.05.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

---

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला—सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र.— 202304021200018 / अ—6 / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवप्रसाद आ0 स्व0 महेश राम जाति पनिका एवं अन्य— 03 सभी निवासी—मोहल्ला शीतला वार्ड नगर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीतला वार्ड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर— 09 स्थित नजूल भू—खण्ड क्रमांक 3412 रकबा 0.02 एकड़ के खातेदार महेश राम, रामप्रसाद, गणेश राम एवं फगुनी बाई की मृत्यु हो जाने के कारण स्वयं को मृतक का वैध वारिस होना बताते हुए खाते से मृतक का नाम विलोपित कराकर अपना नाम दर्ज कराने हेतु संहिता की धारा 109, 110, छ.ग. भू—राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ मेंन्टनेंस खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र, की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू—खण्ड के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08.05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 10.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला—सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र.— 202304021200007 / अ—20(3) / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश आ0 स्व0 मुखदेव जाति भुईया एवं 01 अन्य दोनो निवासी मोहल्ला दर्रीडाड़ अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला दर्रीपारा नगर अंबिकापुर शीट नम्बर —10 स्थित नजूल नजूल प्लाट नम्बर 3797, 3798 रकबा 0.01, 0.02 भूमि को रूपये—5,00,000—00 में अनावेदिका श्रीमती दुर्गावती गुप्ता पति संतोष गुप्ता जाति तेली निवासी दर्रीपारा अंबिकापुर के पास बिक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेन्टनेन्स खसरा, की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू—खण्ड के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10.05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 03.04..2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा मेरे हस्ताक्षर से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला—सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ—6 / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय श्रीवास्तव आ0 राधिका रमण श्रीवास्तव जाति कायस्थ, निवासी—सत्तीपारा अम्बिकापुर के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मोहल्ला देवीगंज रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 03 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1037 / 2, रकबा 0.03 1 / 2 एकड़ में से रकबा 78X14.2=1107.6 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्व विक्रय पत्र दिनांक 26.03.2023 के माध्यम से विक्रेता बलदेव प्रसाद सोनी आ0 स्व0 साधु साव सोनी निवासी सत्तीपारा वार्ड अम्बिकापुर से क्रय करने के कारण संहिता की धारा 109, 110 के तहत अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीबद्ध विक्रय पत्र की पेश की गई है। अतः उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10.05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 10.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर,
जिला सूरजपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / ब—121 / 2022—23
ईश्तहार

आवेदक / आवेदिका का नाम रामाशंकर आ0 भूखल मानिकपुरी जाति पनिका निवासी रामनगर ग्राम रामनगर प0ह0नं0 23 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने पिता भूखल आ0 हिरदय राम मृत्यु दिनांक 23.10.2021 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 27.04.2023 गुरूवार को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 12.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
सूरजपुर

---

न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला
क्रमांकः 202303020700217 / विषयः— अ—27 मामले की श्रेणीः— राजस्व सनः— 2022—23
सुन्दरपुर (प.ह.नं. 00026),
पक्षकारो का विवरण—
आवेदक पक्षकार— सूखमेन बाई, रामफल, बंशरूप, बालो, देवीप्रसाद, घुरनी, बहोरन, भागमेन, भोला राम, मुन्ना, दुलमन, दौली, हुलास, संतोष कुमार, रामेश्वर, फुलमेत, राजू, सहोदरी
अनावेदक पक्षकार— सूखमेन बाई, रामफल, बंशरूप, बालो, देवीप्रसाद, घुरनी, बहोरन, भागमेन, संतोष कुमार, रामेश्वर, फुलमेत, राजू, सहोदरी, भोला राम, मुन्ना, दुलमन, दौली, हुलास,
ईश्तहार

आवेदक भोला राम आ0 रघुवर व अन्य, निवासी ग्राम सरईटिकरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम सुन्दरपुर, स्थित कुल खसरा नम्बर 15 कुल रकबा 5.066 हें0 भूमि का बटवारा 1 / 4 अंश में किये जाने बावत् आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28.04.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.03.2023 को जारी है।

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ—2 / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता सोनी पत्नी प्रवीण कुमार जाति सोनार, निवासी ग्राम / नगर संगम चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित— ग्राम अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 2278 / 7 रकबा 0.012 हे. भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी—1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26.04.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू—अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

---

न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला
क्रमांकः 202303020700226 / विषयः— अ—27 मामले की श्रेणीः— राजस्व सनः— 2022—23
वरढोढी (प.ह.नं. 00032),
पक्षकारो का विवरण —
आवेदक पक्षकार— रंजीता यादव, रामदेव,
अनावेदक पक्षकार— रामदेव, रंजीता यादव,
ईश्तहार

आवेदक रंजीता यादव पुत्री स्व0 भारत, निवासी ग्राम बरढोढी, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम बरढोढी, तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 357 / 3, 405 / 2, 541 / 3, 543 / 2 रकबा क्रमशः 0.364, 0.202, 0.126, 0.032 हें0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1 / 2 अंश में बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई—नामान्तरण पोर्टल से ई—कोर्ट में प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12.05.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.03.2023 को जारी है।

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ—2 / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिजन दास आ0 राम कुमार जाति पनिका, निवासी ग्राम / नगर नमनाकला अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित— ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 157 / 712 रकबा 0.020 हे. भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी—1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26.04.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू—अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करा सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

---

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला—सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र.— 202304021200035 / अ—20(3) / 2022—23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिरेन्द्र पाठक पिता सदानंद पाठक जाति ब्राम्हण निवासी उदयपुर तहसील उदयपुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला दर्रीपारा नगर अंबिकापुर शीट नम्बर 10 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 4170 / 4850 / 4 रकबा 0.06 1 / 2 एकड़ भूमि को बैक में बंधक रखने की अनापत्ति प्रमाण—पत्र प्रदाय करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा बिक्रय पत्र की छायाप्रति पेश की गया है। उक्त भू—खण्ड के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12.05..2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11.04..2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा मेरे हस्ताक्षर से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

न्यायालय नजूल अधिकारी मनेन्द्रगढ़,
जिला—मनेन्द्रगढ़—चिरमिरी—भरतपुर (छ0ग0)
(श्रीमती बेला गुप्ता एवं अन्य 02 प्रति छ0ग0 शासन)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. / अ—20(1) / 2022—23

नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता का सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बेला गुप्ता पति स्व. भूरेलाल गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता आ. स्व. भूरेलाल गुप्ता दोनों निवासी लैट नं. 604, निखिल नेस्ल्स, होशंगाबाद रोड़ जाटखेड़ी भोपाल (म.प्र.) अरविंद गुप्ता आ. स्व. भूरेलाल गुप्ता, निवासी 116, बाबजी नगर, ए.बी. रोड़ इंदौर (म.प्र.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर मुख्य रूप से बताया कि आवेदकगण उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करते है। आवेदिका क्र. 1, आवेदक क्र. 2 तथा 3 की माता है। आवेदकगण स्व. भूरेलाल गुप्ता के विधिक उत्तराधिकारी है। आवेदिका क्र. 01 के पति तथा आवेदक क्र. 02 तथा 03 के पिता स्व. भूरेलाल गुप्ता के स्वामित्व का नजूल प्लॉट नं. 42 / 2 एवं 43 / 3 रकबा क्रमशः 30X17 1 / 2 (525 वर्गफीट भूमि) एवं 30X17 1 / 2 (525 वर्गफीट भूमि) भूमि है। उक्त भूमि पर मकान निर्मित हैं तद्नुसार वर्तमान खसरा मेन्टनेंस में आवेदिका क्र. 1 के पति तथा आवेदक क्र. 2 तथा 3 के पिता स्व. भूरेलाल गुप्ता का नाम दर्ज है। आवेदिका क्र. 1 के पति तथा आवेदक क्र. 2 तथा 3 के पिता स्व. भूरेलाल गुप्ता की मृत्यु दिनांक 30.12.2007 को हो चुकी है। उक्त भूमि के खसरा मेन्टनेंस में वर्तमान से मृत भूमि स्वामी स्व. भूरेलाल गुप्ता के नाम पर दर्ज है। आवेदिका क्र. 1 के पति तथा आवेदक क्र. 2 तथा 3 के पिता स्व. भूरेलाल गुप्ता द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूमि के संबंध में कोई घोषणा अथवा किसी के पक्ष में कोई वसीयत, दान, बंधक आदि नही किया गया है। आवेदकगण उपरोक्त वर्णित भूमि के नजूल अभिलेखों में फौती नामान्तरण के उपरांत अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं जिस संबंध में आवेदकगण द्वारा राकेश गुप्ता आ. स्व. भरोसेलाल गुप्ता, निवासी रामा मैग्नेटो माल के पास, बिनोबा नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर को अपना मुख्तयारआम नियुक्त किया गया है। जिस संबंध में आवेदकगण द्वारा जरिए राकेश गुप्ता, मुख्तयारआम द्वारा यह आवेदन पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। ऐसा आवेदन प्रस्तुत कर फौती नामांतरण के आधार पर नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः नामान्तरण के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 24.04.2023 तक पेश कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 06.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
मनेन्द्रगढ़

## चिंतन

# नि:शुल्क सैनेटरी पैड का निर्देश सराहनीय

सर्वोच्च न्यायालय का स्कूलों में छात्राओं को सैनिटरी पैड मुफ्त देने का निर्देश स्वागत योग्य है, सराहनीय है। भारत में छठी से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं की माहवारी स्वच्छता बड़ी समस्या रही है। ग्रामीण और शहरी रिमोट क्षेत्र में माहवारी स्वच्छता के प्रति कम जागरूकता, विपन्नता और चलताऊ सोच के चलते लड़कियों की पीरियड के समय की स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, इसके चलते बहुत सारी लड़कियां संक्रमण रोगों का शिकार बन जाती हैं, उस दौरान स्कूल तक जाना छोड़ देती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गत सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों को उनके यहां पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड देने के लिए कहा है। स्कूलों व शिक्षण संस्थानों को पैड्स के लिए वेंडिंग मशीन लगाने से लेकर पैड्स के निस्तारण के लिए समुचित व्यवस्था करनी होगी। यह आदेश उन सभी स्कूलों के लिए है जहां पर अपर प्राइमरी/सेकेंडरी/हायर सेकेंडरी कक्षाओं में छात्राएं पढ़ती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विद्यालयों में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए माहवारी स्वच्छता के प्रबंधन के वास्ते मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) और एक राष्ट्रीय मॉडल तैयार करने का केंद्र को निर्देश दिया है, ताकि इसे सभी राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश अपना सकें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने माहवारी के दौरान स्वच्छता की अहमियत को एक बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह सभी पक्षकारों को शामिल कर देश के स्कूलों व शिक्षण संस्थानों के लिए हुए एक समान राष्ट्रीय नीति बनाए। इसके लिए जो भी जरूरी डेटा हो, वह तमाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जुटाया जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालयों में माहवारी के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं हैं। अदालत ने सरकार से जुलाई अंत तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। इस सिलसिले में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार मामलों के मंत्रालय में सचिव सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के साथ बातचीत करने के लिए नोडल अधिकारी होंगे। सभी के साथ विचार विमर्श के बाद केंद्र सरकार तीन महीने में अपडेट स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी। एक सामाजिक संस्था दसरा ने 2019 में माहवारी के कारण स्कूल छोड़ देने वाली लड़कियों पर एक रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 2.3 करोड़ लड़कियां माहवारी के दौरान स्वच्छता के लिए जरूरी सुविधाएं न होने के चलते स्कूल छोड़ देती हैं। मुफ्त सैनेटरी पैड, सुरक्षा और स्वच्छता मिलने से स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों की संख्या में न सिर्फ कम होगी बल्कि यह समस्या पूरी तरह खत्म भी हो सकती है। जिस प्रकार देश में स्कूल ड्रॉप आउट दूर करने के लिए मिड डे मील योजना चल रही है, सरकारी स्कूलों में किताबें मुफ्त में दी जा रही हैं, कई राज्यों में ड्रेस, साइकिल जैसी चीजें दी जा रही है, तो पीरियड के दौरान सवच्छता के लिए सैनेटरी पैड भी निःशुल्क दिया जाना चाहिए। स्कूलों में बिना भेदभाव सभी वर्ग की छात्राओं को सैनेटरी पैड का वितरण किया जाना चाहिए। माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए पैडमैन जैसी सामाजिक फिल्म तक बनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को गंभीरता से लेते हुए छात्राओं को निःशुल्क सैनेटरी पैड दिया जाना चाहिए।



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# अडाणी पर कांग्रेस की हकीकत

भारतीय कारोबार जगत की फितरत है, जब भी कोई कारोबारी घराना उभरता है, उसकी सफलता को खास नजरिए से देखा जाता है। यह पहला मौका नहीं है, जब अडाणी जैसा कोई कारोबारी निशाने पर है। पिछली सदी के नब्बे के दशक को याद कीजिए। तब अंबानी घराना ऐसे ही निशाने पर रहता था। तब रिलायंस इंडस्ट्रीज के उभार पर सवाल उठते थे। सवाल तो उस बिरला घराने पर भी उठे हैं, जिसके प्रमुख घनश्याम दास बिरला गांधी जी के नजदीकी थे। यह भी दिलचस्प है कि अडाणी घराने की कंपनियां राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारों के साथ काम कर रही हैं। फिर भी कांग्रेस के आलाकमान के निशाने पर अडाणी हैं।

राहुल गांधी की अगुआई में जारी अभियान के चलते उद्योगपति गौतम अडाणी अरसे से चर्चा में हैं। जिस हिंडनबर्ग रिपोर्ट की वजह से अडाणी राहुल गांधी समेत तकरीबन समूचे नरेंद्र मोदी विरोधी राजनीतिक खेमे के निशाने पर हैं, उस रिपोर्ट पर मराठा दिग्गज शरद पवार ने सवाल उठा दिया है। शरद पवार ने कहा है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के पीछे विशेष एजेंडा की आशंका है। पवार के इस आरोप के बाद विपक्षी खेमे को सूझ नहीं रहा कि वह अडाणी मामले को किस हद तक आगे ले जाए।

भारतीय कारोबार जगत की फितरत है, जब भी कोई कारोबारी घराना उभरता है, उसकी सफलता को सिर्फ और सिर्फ खास नजरिए से देखा जाता है। यह पहला मौका नहीं है, जब अडाणी जैसा कोई कारोबारी निशाने पर है। पिछली सदी के नब्बे के दशक को याद कीजिए। तब अंबानी घराना ऐसे ही निशाने पर रहता था। दिलचस्प यह है कि तब रिलायंस इंडस्ट्रीज के उभार पर सवाल उठते थे। सवाल तो उस बिरला घराने पर भी उठे हैं, जिसके प्रमुख घनश्याम दास बिरला गांधी जी के नजदीकी थे। पिछली सदी के साठ के दशक में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के राज्यसभा सदस्य रहे बालकृष्ण गुप्ता ने बिरला को बेजा फायदे पहुंचाने को लेकर ना सिर्फ तब सोशलिस्टों के प्रमुख पत्र जन में धारावाहिक तौर पर लिखा था, बल्कि राज्यसभा में उस पर चर्चा की मांग की थी। बालकृष्ण गुप्त के उन भाषणों का संग्रह पुस्तक रूप में प्रकाशित हो चुका है।

वैसे अडाणी पर यह पहला मौका नहीं है, जब आरोप लगा है। यह भी दिलचस्प है कि अडाणी घराने की कंपनियां राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारों के साथ काम कर रही हैं। फिर भी कांग्रेस के आलाकमान के निशाने पर अडाणी हैं। कुछ महीने पहले छत्तीसगढ़ के हसदेव इलाके में जारी खनन को लेकर अडाणी पर सवाल उठे थे। बीते साल दिसंबर महीने में एक- दो दिन छोड़कर लगातार अडाणी घराना निशाने पर रहा। भारत सरकार की नीतियों के अनुसार छत्तीसगढ़ की कोयला खदानों को राज्यों के बिजली बोर्डों को कैप्टिव पावर प्लांट को कोयले की सप्लाई के लिए दिया गया था। उनमें राजस्थान सरकार के निगम राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को छत्तीगढ़ जंगल में खदाने आवंटित की गई। दिसंबर में आरोप लगा कि परसा केते खदान से कोयला निकालने के लिए अडाणी की कंपनी से जो समझौता किया है, उसके तहत राजस्थान सरकार अडाणी पर मेहरबान है। छत्तीसगढ़ की सिविल सोसायटी की ओर से यह आरोप लगा कि जनवरी 2021 से दिसंबर 2021 के बीच परसा केते माइन्स से एक लाख 87 हजार 579 डब्बे कोयले की ढुलाई हुई। जिसमें राजस्थान को 49 हजार 229 वैगन कोयला नहीं गया। बल्कि मध्य प्रदेश और दूसरे राज्यों की कंपनियों को गया, जिसमें अडाणी ने मोटा मुनाफा कमाया। लेकिन अडाणी एंटरप्राइजेज का कहना है कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के साथ हुए समझौते के तहत उसकी भूमिका बेहद सीमित है। उसका काम परसा



और केंते खदान से निकलने वाले वाश्ड कोयले की ढुलाई राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के उन ताप विद्युत केंद्रों को करना है, जिन्हें निगम कहता है। इसलिए उस पर ऐसे आरोप बेहद निराधार हैं। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित परसा-केते कोयला ब्लॉक से कैप्टिव पावर प्लांट के लिए 2013 से ही कोयला निकाला जा रहा है, जिसमें करीब डेढ़ हजार स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। अडाणी एंटरप्राइजेज का कहना है कि कंपनी छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा निर्देशों और राजस्थान बिजली बोर्ड के आदेशानुसार सिर्फ कोयले की ढुलाई करती है।

अडाणी पर आरोप लगता रहा है कि हसदेव क्षेत्र के जंगल को भी उनकी कंपनियां नुकसान पहुंचा रही हैं, लेकिन अडाणी एंटरप्राइजेज का कहना है कि खदान का काम पर्यावरण मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के दिशानिर्देशों के मुताबिक होता है। इसके लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने 38 सौ हेक्टेयर जमीन पर खदान की अनुमति छत्तीसगढ़ सरकार से ली है और इसके लिए निर्धारित शुल्क भी निगम ने ही चुकाया है। इसलिए अडाणी एंटरप्राइजेज की भूमिका पर सवाल कैसे उठता है, यह समझ के परे है। समझौते के मुताबिक, अगर एक पेड़ खुदाई कार्य के लिए काटा जाता है तो उसके बदले साठ पेड़ लगाने होते हैं। अडाणी एंटरप्राइजेज ऐसा कर रहा है। इसे दिखाने को भी एंटरप्राइजेज तैयार है।

छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा निर्देश के मुताबिक खदान वाले इलाके में कारपोरेट सोशल रिस्पॉंसबिलिटी के लिए काम करने की जिम्मेदारी अडाणी एंटरप्राइजेज को है। इसके तहत अडाणी फाउंडेशन इलाके में लगातार कार्य चला रहा है, जिसके तहत अडाणी विद्या मंदिर नाम से इलाके में स्कूल चल रहा है, जिसमें स्थानीय समुदाय के करीब 800 बच्चे पढ़ रहे हैं। उन्हें मुफ्त में वर्दी, किताब-कॉपी समेत तमाम स्टेशनरी, दोपहर का खाना और घर से स्कूल लाने-ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी दी जा रही है। अडाणी फाउंडेशन इलाके में कौशल विकास कार्यक्रम भी चला रहा है। जिसके तहत वह करीब चार हजार स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर चुका है। इतना ही नहीं, इन युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम भी चला रहा है। अडाणी फाउंडेशन खनन वाले इलाकों में अच्छी सड़कें, स्कूल भवन, सामुदायिक भवन, आदि बनवा रहा है या बनवा चुका है। इसके साथ ही पानी की आपूर्ति के साथ ही मोबाइल अस्पताल भी चला रहा है।

अडाणी फाउंडेशन और अडाणी एंटरप्राइजेज का कहना है कि बयानबाजी करना और सवाल उठाना अलग बात है, लेकिन हकीकत कुछ और है। उसका कहना है कि उसे जो काम राजस्थान बिजली बोर्ड के बिजली उत्पादन निगम से मिला है, उसे वह निभा रहा है। उसका काम सिर्फ कोयले को राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के निर्धारित और निर्देशित केंद्रों तक पहुंचाना है और इसी काम को वह अंजाम दे रहा है। पिछले साल अक्टूबर में राजस्थान में हुए निवेशक सम्मेलन में गौतम अडाणी ने राजस्थान में 65 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी। तब अडाणी की कंपनियों पर कुछ देर के लिए आरोप थमे थे। वैसे गौतम अडाणी एक प्रमुख प्रकाशन समूह को विशेष साक्षात्कार देकर अपना पक्ष रख चुके हैं, इसके बावजूद हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर संसदीय और राजनीतिक हंगामा नहीं थमा, लेकिन लगता है कि शरद पवार के बयान के बाद अब विपक्षी राजनीति अडाणी के मुद्दे पर पहले की तरह संगठित नहीं रह पाएगी। अडाणी की कंपनियों की ओर से आई सफाई और पवार के बयान के बाद शायद राजनीति कुछ हद तक थमे...

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जी-20
अलका आर्य



# देश में स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बना रही आभा

डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं पाओ और समय बचाओ।, ये पंक्तियां गोवा राज्य के कोर्लईम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल होते ही अपनी ओर ध्यान खींचती हैं। आभा यानी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट। 83 साल की सुफैदा खातून को थायराइड है। उसका ब्लड प्रेशर भी अधिक रहता है। वह अपनी नियमित जांच के लिए इसी प्राथामिक स्वास्थ्य केंद्र अपने बेटे के साथ अक्सर आती है। उसका आभा कार्ड बना हुआ है। वह बताती है कि आभा कार्ड बनने के बाद से उसे यहां अधिक इंतजार नहीं करना पड़ता। वजह-उसके स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां अब कंम्पयूटर में है। उसे किसी प्रकार की लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ता। उसके बेटे रहमान का कहना है-आभा आईडी ने रोगी के लिए अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को और भी सुगम बना दिया है।' गोवा राज्य के दक्षिण गोवा जिले में स्थित धारबांदोड़ा तहसील के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किडनी डायलसिस संबधित सेवाएं भी मुहैया कराई जाती हैं। यहां दो साल पहले इस सेवा की शुरूआत हुई। उत्तम सावन बीते 6 महीने से किडनी डायलसिस सेवा का लाभ ले रहा है,उसकी पत्नी शोभावती का कहना है कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने उसके पति का आभा कार्ड बनाकर बहुत कुछ आसान कर दिया है। वह व उसका पति दोनों आभा कार्ड बनने व इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किडनी डायलसिस सेवा से खुश हैं। दरअसल गोवा के इन दो प्राथामिक स्वास्थ्य केंद्रों का जिक्र यहां प्रसंगवश किया जा रहा है। गोवा में जी 20 के हेल्थ वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक 17 -19 अप्रैल को होने जा रही है। इस बैठक में फोकस डिजिटल स्वास्थ्य आधारभूत संरचना पर होगा। कोर्लईम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जी 20 हैल्थ ट्रैक प्राथिमकताओं के प्रदर्शन के लिए चिहिन्त किया गया है, यह केंद्र जी 20 प्रतिनिधियों को बताएगा कि यहां रोगियों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं किस तरह मुहैया कराई जाती है, और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा की अन्य प्रक्रियाओं के बारे में बताया जाएगा। गोवा के स्वास्थ्य सचिव अरूण कुमार मिश्रा ने बताया कि गोवा की आबादी करीब 15 लाख है और यहां की 25 फीसद आबादी का आभा आईडी बन गया है और पूरी आबादी का इस साल के जून-जुलाई तक यह आईडी बन जाएगा।' गोवा में करीब 3.82 लाख लोगों के आभा कार्ड बन गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर लेख लिखे जाने तक 35 करोड़ आभा आईडी बन चुके हैं। आभा आईडी का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आप अपने डिजिटल मेडिकल रिकार्ड को अस्पतालों, क्लीनकों,डाक्टरों आदि के साथ आसानी से साझा कर सकते हैं। डिजिटल सेवा वक्त की मांग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2021 को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की घोषणा की थी। इसका मकसद देष में डिजिटल स्वास्थ्य आधारभूत संरचना का विकास करना है। जहां तक स्वास्थ्य क्षेत्र का संबध है, वहां कोविड-19 महामारी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में तीव्र डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया है। जी- 20,2023 की इस समय अध्यक्षता कर रहे भारत ने इसे अपने एंजेडे में शमिल किया है। भारत जी-20 की अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में तीन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। पहली प्राथमिकता रोगों के प्रकोप को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर क्षमताओं को मजूबत करना,दूसरी प्राथमिकता फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सहयोग मजबूत करना, गुणवत्तापूर्ण टीकों, चिकित्सा और निदान तक सबकी समान पहुंच बनाना है। तीसरी प्राथमिकता सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास और नवाचार को बढ़ावा देना है। कोविड-19 से मिले अनुभवों ने यह सिखाया है कि कैसे डिजिटल तकनीक दूरस्थ इलाकों के डेटा कलेक्शन, चिकित्सा समाधान और आभासी देखभाल में मदद कर सकती है। वैक्सीन लगवाने के लिए लाखों नागरिकों ने कोविन एप का इस्तेमाल किया, दूरस्थ इलाकों में टेली परामर्श जीवन रक्षक साबित हुई। यूनिसेफ के स्वास्थ्य अधिकारी डा.मंगेश ने बताया कि टीकाकरण सेवाएं स्वास्थ्य सुविधाओं और समुदायों को जोड़ने में एक पुल का काम करती है। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को हासिल करने के लिए और स्वास्थ्य पर केंद्रित स्थाई विकास लक्ष्यों को गति देने की दिशा में छूटे हुए/ड्रॉप आउट बच्चों तक पहुंचने में भारत सरकार के टीकाकरण कार्यक्रमों का समर्थन करता है।' दरअसल बाल टीकाकरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का एंटरी प्वांइट है। परिवारों के साथ संपर्क का एक सुस्थापित बिंदु होने के नाते, टीकाकरण सेवाएं जरूरी सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्रवेश बिंदु बन सकता है।

## कर्मों से उपार्जित सुख



संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

संकलित
दर्शन

## दुश्मनों के खेमे में भी अच्छे की करें पहचान




इंसान के जीवन में तीन ही भाव होते हैं, पहला हर्ष, दूसरा शोक और तीसरा भय। हर्ष यानी खुशी, शोक यानी दुःख, भय का मतलब डर। डर ही सफलता के रास्ते की सबसे बड़ी रुकावट है। आज के कॉर्पोरेट कल्चर में भगवान हनुमान से ये गुण सीखना काफी जरूरी है। सीता की खोज में लंका गए हनुमान ने जब विभीषण के घर के बाहर तुलसी का पौधा, स्वस्तिक और धनुष बाण के चिन्ह देखे तो समझ लिया ये राक्षसों के शहर में किसी सज्जन व्यक्ति का घर है। उन्होंने विभीषण से दोस्ती की और बातों-बातों में उन्हें भगवान राम के गुणों के बारे में बताया। सीधे ये नहीं कहा कि तुम हमारे खेमे में शामिल हो जाओ, बस विभीषण के मन में उत्सुकता का एक बीज बो दिया। जब रावण ने विभीषण का अपमान कर उसे लंका से निकाला तो विभीषण को हनुमान की कही बात याद आई कि श्रीराम अपनी शरण में आए हर व्यक्ति की रक्षा करते हैं। वो सीधा राम की शरण में पहुंच गया। हनुमान ने समझ लिया था कि अगर लंका को जीतना है तो किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत पड़ेगी जो उस जगह और वहां के लोगों के बारे में अच्छे से जानता हो। उन्होंने बिना सीधे कोई बात कहे, विभीषण को राम की शरण में आने का संकेत दे दिया था। ये कहानी सिखाती है कि जब भी आप अपने दुश्मन के खेमे में जाएं तो वहां भी अपने लिए ऐसे लोगों को चुनें जो जीतने में आपकी मदद कर सकते हों।

संकलित
प्रेरणा

## अंतर्मन




## आज की पाती

### घरेलू उद्योगों का रखना होगा ख्याल

मोदी सरकार ने देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) पेश की है। इस नीति का उद्देश्य 2030 तक देश के निर्यात को बढ़ाकर दो ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले 2024 तक भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर (पांच खरब डॉलर) तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। मोदी सरकार इस पर कब और कितना खरा उतरेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। मोदी सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री, जोकि विश्वविख्यात अर्थशास्त्री भी हैं, ने आर्थिक मंदी पर जो पांच उपाय बताए हैं, उन पर अमल करना चाहिए ताकि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। घरेलू उद्योगों का भी पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। *- रवीन्द्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### गुमराह कर रहे



फर्जीवाल का एक और फर्जीवाड़ा। शराब और शिक्षा में भ्रष्टाचार करके पैसा खाने के बाद आजकल केजरीवाल जी फोन नम्बर के डिजिट भी खाने लगे हैं। पहले जनता को गुमराह कर के पैसे खाते थे और अब फर्जीवाड़ा करके सबको गुमराह कर रहे हैं।
-अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री

### कोई दूसरा तत्व नहीं



ध्यान की सबसे पहली तैयारी ये है कि हम भगवान को सर्वोपरि स्थान पर रखें ये ही इस जीवन और जगत का परम सत्य है। भगवान के अधिक ज्ञानवान इस सृष्टि में नहीं है। भगवान से अधिक हमे उभारने वाला और कोई दूसरा तत्व नहीं है।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आप किसी दोस्त के बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं जहां आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। इसके साथ ही आपकी हैप्पीनेस भी बनी रहेगी। आप परिवार की जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। छात्र अपने प्रैक्टिकल में नए विचारों को जोड़ सकते हैं। परिवार में किसी अनुष्ठान के होने से आपका खर्च बढ़ सकता है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशी लेकर आएगा। आपको किसी काम में सफलता मिलेगी इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आ रही बाधाएं आज समाप्त होंगी, काम करने में सरलता होगी। विद्यार्थियों को अपने सहपाठियों की मदद मिलेगी, जिससे दोस्ती में मिठास बढ़ेगी। घर में सुख शांति का माहौल बनेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। अपनी व्यस्त दिनचर्या से थोड़ा समय सामाजिक गतिविधियों के लिए भी निकाले इससे आपका मान-सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। पारिवारिक समस्याओं से आज छुटकारा मिलेगा। सकारात्मक सोच के साथ आपके रुके काम बनेंगे। शिक्षकों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। दूसरे लोग भी आपके काम करने की योजना से बहुत कुछ सीखेंगे, विरोधी आपके सामने नतमस्तक होंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहने वाला है। आप किसी की मदद करेंगे, इससे आपको मानसिक शान्ति मिलेगी। इस राशि के जो लेखक हैं, आज उनकी कोई रचना लोगों को काफी पसंद आएगी। किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। इस राशि के छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि लेंगे.. उनका पढ़ाई में पूरी तरह से मन लगेगा। दोस्तों की मदद के लिए आप हर समय तैयार रहेंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपका कोई मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिससे मिलकर आपको खुशी होगी। आपकी उचित कार्य प्रणाली से ऑफिस में लोग आपकी योग्यता के कायल हो जायेंगे। इस राशि की जो हाउस वाइव्स जॉब करना चाहती हैं वो ऑनलाइन पार्ट टाइम-वर्क करने का प्लान जीवनसाथी से कर सकती हैं।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आपके काम का अच्छा रिजल्ट आपको सकारात्मकता से भर देगा। आपके विरोधी भी आपकी कार्य कुशलता से प्रभावित होंगे। बिजनेस शुरू करने से रिलेटेड विचार बड़े भाई से करेंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। घर में मेहमानों का आना जाना लगा रहेगा। आप व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने की कोशिश करेंगे। किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिलेगा, आपका काम आसान हो जायेगा। आप परिवार वालों के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद लेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। इस राशि के जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। काफी समय पहले दिए इंटरव्यू से जॉब का ऑफर आयेगा। आपकी कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार होंगे। आप परिवारवालों की कुछ इच्छाएं पूरी करेंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। दिल की बजाय दिमाग को प्राथमिकता देंगे तो आपका कोई काम बन जायेगा। आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी। आप इनका डटकर मुकाबला करें। सफलता हासिल होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन थोड़ा सामान्य रहेगा। करियर संबंधी चुनाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है। लेकिन सही पॉइन्ट का चुनाव आपके करियर को तरक्की की राह पर ले जाएगा।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रॉपर्टी से सम्बंधित बिजनेस में आपको ज्यादा धनलाभ के योग हैं। कम्पनी की तरफ से आपको विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी अच्छी कम्पनी से जॉब के लिए आपको कॉल आएगी। लवमेट के रिश्ते में आज मिठास बनी रहेगी। सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। ऑफिस में आज बॉस अधूरे कामों को देखकर आपको पूरा करने के लिए कहेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए उमंग से भरपूर रहने वाला है। आप किसी मित्र के साथ घूमने का प्लान बनायेंगे। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में दोस्त के साथ बाहर जा सकते हैं। व्यापार को लेकर आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे, जो आपके व्यापार को आगे बढ़ाने में कारगर साबित होगी। लवमेट्स का रिश्ता तय हो सकता है। जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप किसी काम से अचानक यात्रा पर जाएंगे। कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। संतान के साथ मिलकर कुछ कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जायेंगे। आप कुछ नए विचारों पर भी काम करेंगे। छात्रों को पढ़ाई में थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

यूजीसी की पहल

# राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचे में वेद, पुराण सहित भारतीय ज्ञान परंपरा में विशेषज्ञता को शामिल करने की पहल

**राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा (एनसीआरएफ) में विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वालों को क्रेडिट प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा में 18 प्रमुख विद्याओं और 64 कलाओं, कला कौशल आदि का उल्लेख किया गया है। इसमें चार वेद, उनकी सहयोगी वेद (आयुर्वेद, धनुर्वेद, गंधर्व वेद) के अलावा पुराण, मीमांसा, न्याय, धर्मशास्त्र, वेदांग, व्याकरण, ज्योतिष आदि को रेखांकित करते हुए इन्हें क्रेडिट प्रणाली के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत बताई गई है। एनसीआरएफ में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों में एक प्रमुख तत्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वालों को क्रेडिट प्रदान करने का है।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अंतिम राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचे (एनसीआरएफ) में कहा गया है कि पुराण, मीमांसा, धर्मशास्त्र, ज्योतिष सहित वेदांग आदि भारतीय ज्ञान परंपरा के अन्य आयामों को भी क्रेडिट प्रणाली के दायरे में लाया जा सकता है। यूजीसी ने 10 अप्रैल को जारी नोटिस में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सामान्य शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया है। भारत सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद के अध्यक्ष निर्मलजीत सिंह कलसी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा रिपोर्ट तैयार की है। नोटिस के साथ राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा रिपोर्ट को संलग्न करते हुए सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों से इसे लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया गया है। राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा (एनसीआरएफ) में विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वालों को क्रेडिट प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा में 18 प्रमुख विद्याओं और 64 कलाओं, कला कौशल आदि का उल्लेख किया गया है। इसमें चार वेद, उनकी सहयोगी वेद (आयुर्वेद, धनुर्वेद, गंधर्व वेद) के अलावा पुराण, मीमांसा, न्याय, धर्मशास्त्र, वेदांग, व्याकरण, ज्योतिष आदि को रेखांकित करते हुए इन्हें क्रेडिट प्रणाली के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत बताई गई है। एनसीआरएफ में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों में एक प्रमुख तत्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वालों को क्रेडिट प्रदान करने का है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वालों को क्रेडिट प्रदान करने को खेल, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक कार्य, मंचीय कला, ललित कला, पारंपरा, धरोहर, साहित्य, भारतीय ज्ञान परंपरा आदि क्षेत्रों में बढ़ावा दिया जाए।




इसके तहत खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय/फेडेरेशन गेम्स, राष्ट्रीय चैम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल/एशियाई चैम्पियनशिप, एशियाड, वर्ल्ड चैम्पियनशिप, विश्व कप, ओलंपिक खेल आदि विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतियोगी शामिल हैं। इस सूची में मंचीय कला के क्षेत्र में नृत्य नाटिका, संगीत, भारतीय शास्त्रीय संगीत के अलावा पारंपरिक कला कौशल हासिल करने वाले तथा शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य सेवा आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट सामाजिक सेवा करने वाले लोग शामिल हैं। इसमें नवोन्मेष एवं स्टार्टअप व्यवस्था के तहत कृषि एवं ग्रामीण विकास में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास में खास विशेषज्ञता रखने वाले शामिल हैं। एनसीआरएफ में कहा गया है कि सीखने का परिणाम प्रत्एक मामले में उपयुक्त राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा के स्तर पर पहले से परिभाषित होगा जिसमें विशेष उपलब्धियां हासिल करने वालों के लिए मानदंड निर्धारित होंगे। इसमें कहा गया है, उदाहरण के तौर पर यदि किसी व्यक्ति ने ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया है ते इस परिणाम एवं उपलब्धि को लेकर उसकी तैयारी और अभ्यास को शारीरिक शिक्षा में स्नातक व्यवसायिक डिग्री के कौशल क्रेडिट जरूरतों के समतुल्य माना जा सकता है। एनसीआरएफ में हैकाथान, ओलंपियाड दोनों के लिए विशेष मूल्यांकन पद्धति एवं क्रेडिट एसाइनमेंट की जरूरत बताई गई है।

स्वरोजगार

# लाइव कहानी सुनाने वालों की बढ़ रही है मांग

कहानी कहने या सुनाने की कला यूं ही नहीं विकसित हो गई, बल्कि यह आहिस्ता-आहिस्ता विकसित हुई। पाषाण युग में हम देखते हैं कि दीवारों पर नक्काशी के जरिये इसकी शुरुआत होती है। संप्रेषण की विधिवत शुरुआत वहीं से हुई। इसके बाद भाषण का विकास और अंत में भाषा के विधिवत विकास ने कहानी को सभी सभ्यता-संस्कृतियों के फूलने-फलने का अनिवार्य हिस्सा बना दिया।

यहां हम ये समझें कि मौखिक कहानी कहना, या जैसा कि अब इसे लाइव स्टोरीटेलिंग के रूप में जाना जाने लगा है, वास्तव में इस समय हॉट डिमांड में है या नहीं, इससे अधिक यह स्वीकार करने का वक्त है कि मनोरंजन के साधन के रूप में अब यह पहले की तुलना में काफी व्यापक हो गया है। इससे पहले कि हम मनोरंजन के अन्य लोकप्रिय साधनों या स्वरूपों के मुकाबले लाइव स्टोरीटेलिंग को कमजोर कर दें, अत्यंत स्पष्टता के लिए इसके नए पहलुओं को समझना आवश्यक है। केवल भाषण ही वह स्वरूप नहीं है जो लाइव स्टोरीटेलिंग का गठन करता है, बल्कि बैकग्राउंड स्कोर/संगीत, कहानी कहने में कहानीकार का अनुभव, उसकी शैली, उसका संवाद कौशल और विषय के अनुसार प्रभाव बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट रूप से डिजाइन और ऑर्केस्ट्रा का सामंजस्य- ये वो तत्व हैं जो मिलकर लाइव स्टोरीटेलिंग को सबसे अलग मुकाम पर ले जाते हैं। वास्तव में, सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया संगीत मुख्य कारकों में से एक है जो लाइव स्टोरीटेलिंग को दर्शकों के लिए पहले कभी महसूस नहीं किया गया अनुभव बनाता है।



लाइटिंग एक और प्रमुख तत्व है जो दर्शकों को एक कहानी में चित्रित विभिन्न पात्रों और कल्पनाओं के साथ जुड़ने का लाइव साधन बनता है और उस कल्पनालोक का अलग-अलग माहौल बुनता है। चाहे वह सुरम्य वातावरण हो या घना जंगल, यह लाइटिंग है जो आपको कहानी सुनने के दौरान एक बेहतर एहसास देता है। लाइव स्टोरीटेलिंग शो को सफल बनाने में कथावाचक द्वारा आवाज में सही समय पर सही बदलाव (वॉयस मॉडुलेशन) समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि इससे दर्शक कहानी के अलग-अलग पात्र और प्लॉट का जीवंत अनुभव कर पाते हैं। निस्संदेह, लाइव दर्शकों के सामने मंच पर ऐसा संतुलन तभी संभव है जब कथावाचक या कहानीकार कहानी के मर्म को गहरे तौर पर जानता हो। इसका प्रभावी अर्थ यह है कि लाइव स्टोरीटेलिंग शो की सफलता की एकमात्र कुंजी यह है कि वक्ता स्वयं कहानी का निर्माता हो।

आम धारणा के विपरीत लाइव स्टोरीटेलिंग शो दरअसल एक भव्य स्वरूप या कहें मल्टीवर्स है, जहां दर्शकों को ऐसा रोमांचक अनुभव देने के लिए सुसंगत तौर पर कई तत्व एक साथ आते हैं जो किसी और स्वरूप में अकल्पनीय है। उदाहरण के लिए सिनेमा को लें, जो मनोरंजन के सबसे लोकप्रिय विकल्पों में व्यापक रूप से माना जाता है, और यह सही भी है, क्योंकि यह भव्यता, कल्पना की दुनिया और विशिष्ट संभावनाओं की दुनिया लाता है। लेकिन किसी फिल्म का प्लॉट या कथानक कितना भी कल्पनाशील क्यों न हो, दर्शकों की कल्पना हमेशा पर्दे पर दिखाई देने वाले दृश्यों तक ही सीमित रहती है, जबकि लाइव स्टोरीटेलिंग कल्पना को सभी भौगोलिक, सामाजिक और सांसारिक सीमाओं से पार जाने का अवसर देती है। इसके अलावा, लाइव स्टोरीटेलिंग शो हमेशा एक कहानीकार को दर्शकों के साथ उनकी अपेक्षाओं के अनुसार जुड़ने देता है, साथ ही उन्हें उन शैलियों से भी परिचित कराता है, जिन्हें उन्होंने शायद कभी नहीं आजमाया था।

मौजूदा समय में लाइव स्टोरीटेलिंग की मांग काफी बढ़ी है। सरकारी, प्राइवेट कई कंपनियों ने पहले से ही इसे कर्मचारियों के मनोरंजन और जुड़ाव के एक प्रभावी उपकरण के रूप में अपना रखा है। यह कंपनियों की हॉट डिमांड में इसलिए है क्योंकि लाइव स्टोरीटेलिंग में दर्शकों की सभी इंद्रियों को जगाने का कौशल है, यह उनके कल्पना कौशल और सोचने की क्षमता को बढ़ाता है। वह समय दूर नहीं जब लाइव स्टोरीटेलिंग शो सभी के लिए मनोरंजन के किसी अन्य व्यापक स्वरूप या साधन के बराबर मान्य होगा।

सतत विकास

# पर्यावरण एवं सतत विकास लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है इनेक्टस किरोड़ीमल कॉलेज

इनेक्टस एक अंतरराष्ट्रीय, गैर-लाभकारी संगठन और विद्यार्थी, शैक्षिक एवं व्यवसायिक अधिनायकों का समुदाय है जो समूचे विश्व के वंचित वर्गों के सार्थक विकास और संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति हेतु उद्यमी परियोजनाओं के जरिए परिवर्तन लाने को संलग्न है। इनेक्टस किरोड़ीमल कॉलेज इसी का एक छात्र अध्याय है जिसमें लगभग 70 छात्रों का समूह सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित समुदायों के लिए एक ऐसा व्यवसाय विकसित करता है जो उनके सर्वांगीण विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। राष्ट्र की सबसे ताकतवर शक्ति युवा शक्ति है, क्योंकि एक युवा ही नई सोच, जोश व असीम ऊर्जा का स्त्रोत होता है। इस उक्ति से प्रेरित ये परिवर्तनाकांक्षी युवा अपनी उद्यमशीलता, उत्साह और निःस्वार्थता से संस्था को नई पहचान दे रहे हैं। यह संस्था वर्तमान में 3 परियोजनाओं पर काम कर रही है- प्रोजेक्ट डोर, प्रोजेक्ट स्याही और प्रोजेक्ट जनभूमि।




प्रोजेक्ट डोर के अंतर्गत बिहार, झारखंड व पश्चिम बंगाल से आई महिलाओं को टाई-डाई तकनीक से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिसमें जेंडर न्यूट्रल कॉटन व चंदेरी स्कार्फ एवं दुपट्टा शामिल हैं। डोर एक ज़ीरो वेस्ट (अपशिष्ट शून्य) एवं पर्यावरण हितैषी फैशन ब्रांड है जहां दोषयुक्त कपड़े का उपयोग पोटली बनाने में किया जाता है। समुदाय की संकल्प शक्ति एवं युवाओं के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप डोर ने इन महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना पितृसत्तात्मक समाज में उन्हें नई पहचान दी है।

प्रोजेक्ट स्याही की महत्वाकांक्षी पहल पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन रहे प्लास्टिक के विरुद्ध है। देश में हर साल ढाई सौ करोड़ से ज्यादा प्लास्टिक पेन बाजार में आते हैं जिनमें से ज़्यादातर केवल एक बार इस्तेमाल कर फेंक दिए जाते हैं। स्याही परियोजना के तहत संस्था महिलाओं के सहयोग से इस्तेमाल किए हुए कागज़ को दोबारा उपयोग कर कागज़ की कलम का निर्माण करती है जो ग्राहक की इच्छा अनुकूल अलग-अलग डिज़ाईनस में तैयार किए जाते हैं। इसके पिछले हिस्से में कुछ बीज होते हैं जिन्हें बोकर नए पौधों को जीवन दिया जा सकता है।

प्रोजेक्ट जनभूमि भूमि क्षरण एवं अक्षम अवशिष्ट प्रबंधन की समस्या सुलझाने के उद्देश्य से कार्यशील है। इसके लिए संस्था ने एंजेलिक फाउंडेशन के साथ मिलकर दिल्ली के बिरला मंदिर में कंपोस्टिंग मशीन स्थापित की जिससे मंदिर में चढ़े सभी फूलों को एकत्रित कर कंपोस्ट (फूलों से तैयार खाद) में परिवर्तित किया जा सके। उनके इस प्रयास से इन फूलों का नदियों में फेंका जाना बंद हुआ और संस्था अपनी इस योजना को विस्तार देने हेतु तत्पर है। अक्टूबर 2018 में संस्था ने हरियाणा सरकार की सहभागिता से पलवल के 75 से अधिक गांवों में 200 से अधिक कम्पोस्ट पिट स्थापित कर स्थानीय किसानों को वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद) उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। जनभूमि अब रसोई के कचरे के प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए एक नया उत्पाद, टेराकोटा होम कंपोस्टर लॉन्च करने के कगार पर हैं। अतः इनेक्टस किरोड़ीमल कॉलेज संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों जैसे- गरीबी का अंत, लैंगिक समानता, सम्मानजनक कार्य एवं आर्थिक विकास, सतत उपभोग, जलवायु परिवर्तन इत्यादि को साकार करने हेतु दृढ़संकल्पित होकर वी ऑल विन के आदर्श वाक्य को आत्मसात कर विश्व के नव-निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है।

इंग्लिश टेस्ट

# जुलाई से टोफल की अवधि एक घंटा कम होगी

जुलाई से टोफेल (टेस्ट ऑफ इंग्लिश एज ए फॉरेन लैंग्वेज) की अवधि एक घंटे कम की जाएगी और उम्मीदवारों को अंकों की तात्कालिक स्थिति की सूचना मिल सकेगी। टोफेल का आयोजन करने वाली शैक्षिक परीक्षा सेवा (ईटीएस) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईटीएस के मुताबिक, टोफेल के लिए अब तीन घंटे के बजाय दो घंटे का समय दिया जाएगा। इसने कहा कि अंग्रेजी भाषा की दक्षता परीक्षा टोफेल देने वालों को अब परीक्षा पूरी होने पर आधिकारिक अंक जारी होने की तारीख की भी जानकारी मिल जाएगी। ईटीएस ने कहा कि टोफेल में होने वाले बदलाव 26 जुलाई से प्रभावी होंगे। टोफेल को 150 से अधिक देशों में 10,000 से अधिक संस्थानों ने मान्यता दी है और अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड जैसे लोकप्रिय स्थलों के अलावा ब्रिटेन में 98 प्रतिशत से अधिक विश्वविद्यालयों द्वारा इसे सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है।



पठन भाग को छोटा किया जाएगा, जबकि स्वतंत्र लेखन कार्य को अकादमिक चर्चा के लिए लेखन से बदल दिया जाएगा। बिना अंकों वाले प्रश्न भी परीक्षा से हटाए जाएंगे। ईटीएस के सीईओ अमित सेवक ने कहा, ईटीएस शिक्षा और सीखने में नवाचारों के माध्यम से मूल्यांकन के भविष्य को दिशा दे रहा है और टोफेल इस प्रयास का मूल है। टोफेल लगभग छह दशकों से एक उद्योग मानक रहा है और ए बदलाव इसकी स्थिति को रेखांकित करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ए बदलाव हमारे ग्राहकों और हितधारकों के माध्यम से विकसित किए गए हैं। सेवक ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और पहली बार परीक्षा की राशि का भुगतान रुपए में किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरल पंजीकरण प्रक्रिया जुलाई की शुरुआत में शुरू होगी।

रोजगार की बात

# डिजिटल कौशल पाठ्यक्रम से मिल रहे हैं रोजगार के अवसर

केंद्रीय शिक्षा मंत्री और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को नई दिल्ली में फ्यूचर स्किल्स फोरम में भारत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में नामांकित छात्रों के लिए रोजगार कौशल पाठ्यक्रम के डिजिटल संस्करण का अनावरण किया। असल में, द फ्यूचर स्किल्स फोरम- फ्यूचर राइट स्किल्स नेटवर्क की एक पहल है, जो क्वेस्ट एलायंस, एक्सेंचर, सिस्को और जेपी मॉर्गन का एक सहयोगी प्रयास है। यह युवाओं को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कौशल हासिल करने में मदद करने के लिए सरकारी कौशल प्रशिक्षण संस्थानों, नागरिक समाज संगठनों, उद्योग और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी भागीदारों को एक साथ लाता है। डिजिटल पाठ में वित्तीय और डिजिटल साक्षरता, विविधता और समावेश, करियर विकास, लक्ष्य निर्धारण और उद्यमिता पर मॉड्यूल शामिल हैं। ये उन्नत ईएस पाठ्यक्रम से तैयार किए गए हैं,जिसे सितंबर 2022 में एमएसडीई द्वारा लॉन्च किया गया था। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, भारत एक कौशल-आधारित सीखने की संरचना स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो छात्रों के बीच ज्ञान-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देता है। यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम चल रहे परिवर्तनों के संदर्भ में आजीवन सीखने पर पुनर्विचार करें और एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करें, जो भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने में योगदान देगा।




वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समय, कहीं भी सीखने की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से, ये मॉड्यूल भारत सरकार के भारत कौशल पोर्टल के साथ-साथ अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से 2.5 मिलियन शिक्षार्थियों के लिए सुलभ होंगे। सक्रिय उद्योग योगदान के साथ विकसित, पाठ्यक्रम में बाइट-साइज़, गेमिफाइड प्रारूप में 12 मॉड्यूल शामिल हैं और प्रत्येक पाठ के बाद मूल्यांकन किया जाता है। इससे शिक्षार्थियों को उनके सीखने की गहराई का आकलन करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मॉड्यूल में कहानी सुनाने का तरीका शिक्षार्थियों को संबंधित परिदृश्य प्रदान करता है, जिसे वे वास्तविक दुनिया की स्थितियों में लागू कर सकते हैं।

क्वेस्ट एलायंस के सीईओ आकाश सेठी ने बताया कि डिजिटल पाठ शिक्षार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा कि युवा प्रौद्योगिकी की ओर आकर्षित होते हैं, जो उन्हें कौशल सीखने और फिर से सीखने का स्थान प्रदान करती है। इसकी उन्हें भविष्य के लिए जरूरत होगी। इसलिए यह जरूरी है कि युवा आजीविका के साथ काम करने वाला कोई भी हितधारक इस बदलते परिदृश्य को समझे। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में मिश्रित शिक्षण जैसे नवीन शैक्षणिक मॉडल पेश करने में डिजिटल पाठ सहायक होंगे, जो शिक्षकों को 21 वीं सदी की कक्षाओं का निर्माण करने और उनका नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाएंगे।

रोजगारपरक स्किल्स की जरूरत के बारे में बताते हुए जे.पी. मॉर्गन में एशिया पैसिफिक के लिए परोपकार की प्रमुख मनीषा चड्ढा ने कहा, हम भारत में कार्यबल की तैयारी के समर्थन में इस उन्नत स्किलिंग प्रोग्राम पर काम करके बहुत खुश हैं। हमारा मानना है कि सकारात्मक नई चीजों को अपनाना महत्वपूर्ण है। शिक्षण रणनीतियों और उपकरणों को कक्षा में यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे तकनीकी प्रशिक्षण और शैक्षिक संस्थानों में रोजगार कौशल प्रभावी ढंग से प्रदान किए जाते हैं।

संचार, टीम वर्क, स्व-शिक्षण, महत्वपूर्ण सोच और समस्या-समाधान जैसे कौशल लाखों वंचित युवाओं को दुनिया में संक्रमण में मदद करेंगे। हम आत्मविश्वास के साथ काम करें।

रिपोर्ट

# ऑफिस से काम करना कॅरियर के लिए बेहतर

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च सामने आई है, जिसमें दफ्तर जाने वाले लोग रिमोट वर्कर्स की अपेक्षा अपने करियर पर ज्यादा ध्यान दे पाते हैं। महामारी शुरू होने के बाद से घर से काम करने का विश्लेषण करने वाले अर्थशास्त्रियों की एक टीम के नए आंकड़ों के अनुसार, दफ्तर में काम करने वाले लोग अपने दूरस्थ समकक्षों की तुलना में करियर-विकास गतिविधियों में 25 प्रतिशत अधिक समय देते हैं। ये आंकड़े 2,400 से अधिक अमेरिकी युवकों के सर्वेक्षण पर आधारित हैं, जो घर से काम करने में सक्षम थे। वे जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी के जेमी डिमन और मॉर्गन स्टेनली के जेम्स गोर्मन जैसे मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की इस बात का समर्थन करते हैं कि श्रमिक- विशेष रूप से युवा कर्मचारियों को ऑन साइट पर रहना चाहिए, जिससे कि वे अपने से अधिक अनुभवी सहयोगियों के साथ चीजों को सीख और समझ विकसित कर सकें। वॉल स्ट्रीट बैंक श्रमिकों को अधिक से अधिक कार्यालयों में वापस लाने के लिए कॉर्पोरेट अभियानों को चलाते रहे हैं।



डब्ल्यूएफएच रिसर्च डेटा के मुताबिक लगभग आधे कर्मचारी जो घर से काम कर सकते हैं, उनके पास एक हाइब्रिड व्यवस्था है, जबकि सिर्फ एक तिहाई पूरी तरह से साइट पर हैं और 20 प्रतिशत पूरी तरह से दूर हैं। नए आंकड़े हइब्रिड वर्क शेड्यूल में बदलाव का समर्थन करते हैं, क्योंकि श्रमिकों को प्रति सप्ताह कुछ दिनों की आवश्यकता होती है।

# कुपोषण दूर करने में मिलेट्स की होगी अहम भूमिका : प्रियंका गांधी

**विशिष्ट अतिथि ने किया मिलेट मिशन के स्टाल का निरीक्षण**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। बस्तर के जगदलपुर में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में मुख्यमंत्री बघेल व विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी ने शासकीय विभागों के विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। स्टालों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री एवं विशिष्ट अतिथि मिलेट मिशन व मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के स्टाल पर रूके और बारीकी से इसका निरीक्षण किया। श्रीमती गांधी ने इस दौरान मिलेट्स प्रसंस्करण की जानकारी भी ली। विशिष्ट अतिथि ने मिलेट्स से बने उत्पादों की तारीफ करते हुए स्व सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने विशिष्ट अतिथि को मिलेट्स से बने उत्पादों से भरी एक डलिया भी भेंट की जिसे उन्होने सहर्ष स्वीकार किया।

## मिलेट्स को बढ़ावा देने वाला देश का पहला राज्य

छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मिलेट्स को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी और रागी का ना सिर्फ समर्थन मूल्य घोषित किया गया अपितु समर्थन मूल्य पर खरीदी भी की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के माध्यम से प्रदेश में कोदो, कुटकी एंव रागी का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर उपार्जन किया जा रहा है। इस पहल से छत्तीसगढ़ में मिलेट्स का रकबा



डेढ़ गुना बढ़ा है और उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी हुयी है।

छत्तीसगढ़ में मिलेट्स यहां के आदिवासी समुदाय के दैनिक आहार का पारंपरिक रूप से अहम हिस्सा रहे हैं। आज भी बस्तर में रागी का माड़िया पेज बड़े चाव से पिया जाता है। छत्तीसगढ़ के वनांचलों में मिलेट्स की भरपूर खेती होती है। इसे देखते हुए मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य में मिलेट मिशन चलाया जा रहा है।

## कुपोषण दूर करने में सहायक

छत्तीसगढ़ में शुरू हुए मिलेट मिशन का मुख्य उद्देश्य जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में मिलेट (कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार इत्यादि) की खेती के साथ-साथ मिलेट के प्रसंस्करण को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त दैनिक आहार में मिलेट्स के उपयोग को प्रोत्साहित कर कुपोषण दूर करना है। प्रदेश में आंगनबाड़ी और मिड-डे मील में भी मिलेट्स को शामिल किया गया है। स्कूलों में बच्चों को मिड-डे मील में मिलेट्स से बनने वाले व्यंजन परोसे जा रहे है। इनमें मिलेट्स से बनी कुकीज, लड्डू और सोया चिक्की जैसे व्यंजनों को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से अब तक 2 लाख 65 हजार बच्चे कुपोषण मुक्त हो चुके हैं और डेढ़ लाख महिलाएं एनीमिया मुक्त हो चुकी हैं.

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नथिया-नवागांव में मिलेट्स का सबसे बड़ा प्रोसेसिंग प्लांट भी स्थापित किया जा चुका है, जो कि एशिया की सबसे बड़ी मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई है। अब तक राज्य के 10 जिलों में 12 लघु मिलेट प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं। गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में मिलेट्स प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में मिलेट्स से बने व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए दोपहर भोज का भी आयोजन किया जा चुका है। रायगढ़ जिले के खरसिया में बीते दिनों प्रदेश के पहले मोबाईल मिलेट कैफे ह्लमिलेट ऑन व्हील्स का शुभारंभ भी किया है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों, फूड ब्लॉगर्स और युवाओं की यह पहली पसंद बन गए हैं।

# अनियमित कर्मचारियों के साथ खड़ी है आप : कोमल हुपेंडी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। प्रदेश के कई हिस्सों में अनियमित कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। रायपुर में प्रदेशभर के कोटवार संघ के सदस्य व पदाधिकारी 18 से 20 अप्रैल तक प्रदर्शन करने जा रहे हैं। इनके अलावा कई विभाग के अनियमित कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन की रणनीति बनाई है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक कोमल हुपेंडी ने कहा कि हम सभी अनियमित कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हैं। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि इन मांगों को जल्द पूरा किया जाए।

भूपेश सरकार पर हमला



बोलते हुए कोमल हुपेंडी ने कहा कि पिछले 4 सालों में ठेकेदारी प्रथा को अपनाकर कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी की गई है। यदि सरकार इनकी मांगो को पूरा नहीं करती है तो आम आदमी पार्टी अनियमित कर्मचारियों के समर्थन में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

## आईपीएल पर सट्टा खेलाने वाला विजय गिरफ्तार

रायपुर । राजधानी की देवेन्द्र नगर थाना पुलिस ने आईपीएल पर सट्टा खेलाने वाले सटोरिये को गिरफ्तार किया है। आरोपी से नकदी व मोबाइल फोन जब्त किया गया है। दरअसल 13 अप्रैल को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की टीम ने मुखबीर की सूचना पर थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित सिटी सेंटर मॉल के पास अपने मोबाईल फोन से आई.पी.एल क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित करते सटोरिये विजय चंदवानी पिता भीमसेन चंदवानी उम्र 32 साल निवासी तिल्दा नेवरा साईं धाम मंदिर के पास थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर को गिरफ्तार किया।

# सीएम ने किया आदिवासी परब सम्मान निधि योजना का शुभारंभ

**प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रतिवर्ष दो किस्तों में मिलेंगे 10 हजार**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । मुख्यमंत्री बघेल ने गुरुवार को बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर के लाल बाग में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया।

## बस्तर संभाग के 1840 ग्राम पंचायतों को 5-5 हजार रूपए की अनुदान राशि जारी

इस योजना के तहत आदिवासी पर्व एवं त्योहारों के गरिमामय आयोजन के लिए राज्य शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। योजना के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने बस्तर संभाग के 1840 ग्राम पंचायतों को प्रथम किश्त के रूप में 5-5 हजार रूपए की राशि जारी की।

## योजना का उद्देश्य

मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के तहत अनुसूचित क्षेत्र के ग्रामों में जनजातियों के उत्सवों, त्यौहारों के मेला, मड़ई, जात्रा पर्व, सरना पूजा, देवगुड़ी, नवाखाई, छेरछेरा, अक्ती, हरेली आदि उत्सवों, त्यौहारों, संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष 10,000 रूपए की अनुदान राशि दो किश्तों में जारी की जायेगी।

मुख्यमंत्री आदिवासी परब




सम्मान निधि का उद्देश्य आदिवासियों के तीज त्यौहारों की संस्कृति एवं परम्परा को संरक्षित करना एवं इन त्यौहारों, उत्सवों को मूल स्वरूप में आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परम्पराओं का अभिलेखन करना है।

## मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा, बजट में है प्रावधान

मुख्यमंत्री बघेल ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज की संस्कृति और पर्वों की परम्परा के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना की घोषणा की थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में इस योजना के लिए 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। यह योजना छत्तीसगढ़ के समस्त अनुसूचित क्षेत्र (अनुसूचित जनजाति विकासखण्ड) में लागू होगी।

## योजना का क्रियान्वयन

योजना की इकाई ग्राम (गांव) होंगे। योजना के लिए नोडल एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत होंगे। योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्तरीय शासी निकाय एवं अनुभाग स्तरीय शासी निकाय का गठन किया जाएगा। निकाय का स्वरूप निम्नानुसार होगा-

ग्राम स्तरीय शासी निकाय में संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच अध्यक्ष होंगे। गायता, पुजारी, सिरहा, गुनिया, बैगा सदस्य होंगे। ग्राम स्तरीय शासी निकाय में ग्राम के दो बुजुर्ग, दो महिला, ग्राम कोटवार, पटेल और ग्राम पंचायत के सचिव सदस्य होंगे।

## जनपद स्तरीय शासी निकाय में

अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व अध्यक्ष होंगे और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत इसके सदस्य सचिव होंगे। जनपद स्तरीय शासी निकाय में जनपद पंचायत के अध्यक्ष, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार सदस्य होंगे। ग्राम में कौन-कौन से त्यौहारों में इस राशि का उपयोग किया जाना है इसका निर्धारण ग्राम स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा।

## बिरनपुर में मृतकों के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करेगा जकात फाउंडेशन

रायपुर। बेमेतरा जिले के ग्राम बिरनपुर में सांप्रदायिक तत्वों द्वारा दो मुस्लिम व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार वालों को छत्तीसगढ़ मुस्लिम समाज एवं अन्य संस्था जिनमे छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन छत्तीसगढ़ व अन्य द्वारा एकत्रित की गई 2,00,000/ रुपए नकद, राहत राशि प्रदान की जाएगी। इस हिंसा में प्रभावित अन्य लोगों के हालात का जायजा लेकर उनको भी राहत रकम दी जा सकती है। शासन से भी हिंसा पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए निवेदन किया गया है। छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन के मो. ताहिर, एडवोकेट साजिद खान और समाजसेवी नोमान अकरम तथा अन्य लोगों की टीम प्रशासन से अनुमति लेकर 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे ग्राम बीरनपुर जायेगी।

# निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए : डीएम

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद पुलिस और प्रशासन हर मोड़ पर सक्रिय नजर आ गया है। चुनावी नामांकन व्यवस्था को परखने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मलिहाबाद तहसील परिसर का भ्रमण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने नामांकन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित भी किया। इस दौरान एसडीएम और एसीपी मलिहाबाद सहित तहसील के समस्त



अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोरोना गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने का निर्देश देते हुए कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन व उचित दूरी मास्क बहुत जरूरी का पालन कराया जाए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने के दौरान राजनीतिक दल किसी भी सार्वजनिक स्थल पर चुनाव प्रचार संबंधित सामग्री बिना अनुमति यदि लगाते हैं तो उसे तुरंत हटाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।इसके अतिरिक्त यदि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई भी वाहन बिना अनुमति के प्रचार प्रसार करता हुआ पाया जाता है तो निर्धारित धाराओं में संबंधित के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करें। बुधवार को नगर पंचायत मलिहाबाद में दूसरे दिन अध्यक्ष व सभासद पदों के लिये कुल 23 नामांकन पत्रों की बिक्री हुयी। जिसमें नगर पंचायत मलिहाबाद के अध्यक्ष पद के लिये 3 नामांकन पत्र व सभासद पदों के लिये 20 नामांकन पत्रों की बिक्री हुयी। दो दिनों में सभासद पद के लिए 30 व अध्यक्ष पद के लिये 4 नामांकन पत्र बिके। बताते चलें कि नगर पंचायत मलिहाबाद में कुल 15 वार्ड हैं। जिसमें नगर पंचायत मे 22 हजार एक सौ 27 मतदाता है।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था किशोरी का शव, पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या का हुआ खुलासा

- **हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए रेलवे ट्रैक पर फेंका गया था शव, पुलिस कई बिंदुओं पर कर रही है जांच**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट पश्चिम जोन के थाना रहीमाबाद में विगत सोमवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग किशोरी का शव ट्रेन की पटरी पर पड़ा मिला था। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने नया मोड़ ले लिया है। हत्या का खुलासा हुआ है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राहुल राज ने बताया कि रहीमाबाद में छात्रा रजनी की मौत के मामले में युवती की गला दबाकर की हत्या की गई थी। जांच में जुटी पुलिस ने



पीएम रिपोर्ट के बाद हत्या की धारा बढ़ाई हैं । पीएम रिपोर्ट आने के बाद इस मामले को पुलिस अब नए सिरे से जांच में जुट गई है। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए रेलवे ट्रैक पर शव को फेका गया था। ताकि पुलिस इसे आत्महत्या समझे लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ हो गया है कि हत्या करने के बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया। मंगलवार को मृतक की मां ने रहीमाबाद पुलिस को तहरीर देते हुए गांव के ही दो नामजद व तीन अज्ञात लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते उसकी पुत्री की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेकने का शक जाहिर किया है। ग्राम मुड़ियारा निवासी धनीराम की पुत्री रजनी (17) का शव गोसवा फाटक संख्या 238 से रहीमाबाद की ओर करीब 200 मीटर आगे बीती सोमवार देर रात ट्रेन की पटरी पर मिला था। भाई खुशीराम ने बताया कि मेरी बहन लखनऊ दुबग्गा पर स्थित निजी अस्पताल में काम करती थी। जो करीब एक साल से प्रतिदिन अप डाउन करती थी और शाम को अस्पताल से वापस घर आ जाती थी। सोमवार देर शाम सूचना मिली की गोसवा रेलवे फाटक पर बहन रजनी की ट्रेन से कटने से मौत हो गई है। मंगलवार को मृतक रजनी की मां ने गांव के शंकर लाल गौतम पुत्र ब्रजमोहन, रामजीवन पुत्र नन्हा सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की धमकी देने की पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शंकर लाल गौतम पुत्र ब्रजमोहन, रामजीवन पुत्र नन्हा सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 504, 506, 306 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नगर निकाय चुनाव में रालोद प्रत्याशी हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही लड़ेंगे चुनाव-अनिल दुबे



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि उ0प्र0 में होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल के उम्मीदवार हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव लड़ेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग में राष्ट्रीय लोकदल मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के रूप में पंजीकृत है और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कोई भी रिव्यू नहीं किया गया है। श्री दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल एवं समाजवादी पार्टी का गठबंधन बना हुआ है और पार्टी के प्रत्याशी पार्टी के चुनाव निशान हैंडपंप पर ही चुनाव लड़ेंगे।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, इलाज के दौरान दो कि मौत

**मौत की खबर सुनते ही दोनो परिवारों में छाया मातम**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे बाइक सवार को अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें सवार दो लोग उछलकर सड़क किनारे जा गिरे जिनकी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया पुलिस पिकेट के पास बुधवार दोपहर बाद लखनऊ हरदोई मार्ग पर हरदोई की तरफ से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार यूपी 32 के टी 1495 का टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर भतोइया बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे स्प्लेंडर बाइक यूपी 32 एफएम 3152 सवार इंदल निवासी गंगा खेड़ा गोडवा, पीछे बैठे लक्ष्मी नारायण निवासी ठाकुरगंज लखनऊ को जोरदार टक्कर दी टक्कर मारकर



मृतक लक्ष्मीनारायण – फाइल फोटो



मृतक इन्दल – फाइल फोटो

कार प्रकाश की साइकिल की दुकान में जा घुसी जिससे मौके पर अफरा तरफरी मच गई। हालांकि दुकान दार धड़ाम की आवाज सुन दुकान से भाग निकला कार में सवार चालक महेंद्र सिंह सहित अन्य 3 लोगों को हल्की-फुल्की खरोचे पहुंची है। कार चालक महेंद्र सिंह हल्द्वानी से लखनऊ विकासनगर अपने घर जा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मलिहाबाद सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां कुछ घंटे के बाद उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतक इन्दल के परिवार में पत्नी इन्दरानी पुत्र अरविंद, अभिषेक कन्हैया पुत्री मीरा, मोहिनी है।

## मामूली विवाद में पड़ोसी ने किया चाकू से हमला रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। बिजनौर के ठकुराइन खेड़ा, माती निवासी राजकुमार ने गांव के ही पिंटू के खिलाफ नशे की हालत में गाली गलौज करने के अलावा विरोध करने पर चाकू से वार कर चोटिल करने का आरोप लगाया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। राजकुमार का कहना है कि मंगलवार रात करीब 7:45 बजे वह अपने खेत से घर जा रहा था। तभी रास्ते में नशे की हालत में मिले पिंटू ने मामूली बात को लेकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। जब राजकुमार ने विरोध किया तो पिंटू ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे राजकुमार के बाएं हाथ की कलाई पर चाकू लगने से वह चोटिल हो गए। बाद में राजकुमार की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे गांव के ही कुलदीप और सुनील ने किसी तरह उन्हें बचाया। आरोप है कि बाद में मौका पाते ही पिंटू अपने घर में जा घुसा।

# प्लाट पर दबंग कर रहे कब्जा करने का प्रयास पीड़ित बुजुर्ग ने उच्चाधिकारियों से की शिकायत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

काकोरी लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एंटी भू माफिया टीम का गठनकर जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे।लेकिन जमीनी हकीकत पर टीम पूरी तरह से अपने मकसद में नाकाम साबित होती नजर आ रही है। पीड़ित बुजुर्ग रतीपाल विश्वकर्मा (65) निवासी बालागंज थाना ठाकुरगंज के अनुसार पूर्व में ग्राम विकास अधिकारी पद से रिटायर्ड होने के बाद में मिले रुपयों से दुबग्गा थाना क्षेत्र के जेहटा गांव में एक प्लाट खरीदा था।जिसका गटा संख्या 1844 से 2450 वर्ग फीट का प्लाट रजिस्टर्ड बैनामा 8 नवंबर 2017 को चंद्र शेखर से कराया था और भूखंड की बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा कर लिया था लेकिन दो साल बाद चंद्रशेखर ने जालसजी कर मेरी



बेशकीमती जमीन को 2019 में दो लोगों को पुनः रजिस्टर्ड बैनामा करके उनसे धन उगाही कर लिया और मेरे प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। जब इसकी जानकारी प्लाट मालिक रतीपाल विश्वकर्मा को हुई तो उन्होंने कहा कि मेरे प्लाट पर कब्जा क्यों कर रहे हो तो वहां पर मौजूद दबंग तिलक राम, चंद्र शेखर सहित दो अन्य लोगों ने पीड़ित को डरा धमकाकर वहां से भगा दिया जिसपर पीड़ित ने स्थानीय थाने पर दिनांक 06/10/2022 को गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था।मुकदमा पंजीकृत होने के बावजूद भी आरोपियों पर कोई कठोर कार्यवाही न होने से फिर से दबंगों ने बुजुर्ग रतीपाल के प्लाट पर दबंग तिलक राम, चंद्र शेखर उनके साथी पवन यादव, विपिन यादव प्लाट पर कब्जा करने का पूरा प्रयास कर रहे है इसकी शिकायत को लेकर बुजुर्ग रिटायर्ड ग्राम विकास अधिकारी रतीपाल विश्वकर्मा ने दबंगों को सबक सिखाने के लिए 1076, पुलिस कमिश्नर, पुलिस महानिदेशक तथा आईजीआरेस कर उच्चधिकारियों से की शिकायत।

## खेलो इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र हेतु खिलाड़ी का चयन परीक्षण 20 अप्रैल को

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत जिले में खेलो इंडिया प्रषिक्षण केन्द्र फुटबॉल टेऊनिंग सेंटर हर्राटिकरा खेल एवं युवा कल्याण, सूरजपुर में प्रारंभ किया जा रहा है। प्रषिक्षण केन्द्र के लिए 18 बालक एवं 18 बालिका कुल 36 खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। प्रषिक्षण केन्द्र के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 20 अप्रैल 2023 को सुबह 07:00 बजे से खेलो इंडिया प्रषिक्षण केन्द्र फुटबॉल टेऊनिंग सेंटर हर्राटिकरा खेल एवं युवा कल्याण, सूरजपुर में आयोजित किया जाना है। जिन खिलाड़ियों की आयु 18 वर्ष से कम है अर्थात 2006 के बाद की जन्मतिथि वाले सिर्फ सूरजपुर जिले के बालक, बालिका खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों का चयन मोटर एबिलिटी टेस्ट एवं स्किल टेस्ट के आधार पर किया जायेगा। चयन ट्रायल हेतु कलेक्टर द्वारा चयन समिति का गठन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों को खेल प्रषिक्षण किट खेल सामग्री आदि कि सुविधा खेलो इंडिया योजना की गाईडलाइन की अनुरूप उपलब्ध करायी जायेगी। प्रषिक्षण केन्द्र में खिलाड़ियों को सिर्फ डे-बोर्डिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। अर्थात खिलाड़ियों को सुबह शाम खेल प्रषिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा इन चयन ट्रायल हेतु खिलाड़ी 18 अप्रैल 2023 को अपना आवेदन कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग में जमा कर सकते है। आवेदन फार्म उक्त कार्यालय अथवा जिले के वेबसाईट www.surajpur.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

### जिले के ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत

# आयुष्मान कार्ड बनवाना अधिकारी करें सुनिश्चित : कलेक्टर

### बोलीं-कार्य में बरती लापरवाही तो होगी सख्त कार्रवाई

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य परिवार के राशन कार्ड धारियों को 50 हजार तक नि:शुल्क इलाज की सुविधा राज्य के एवं राज्य के बाहर पंजीकृत समस्त देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कोई भी हितग्राही आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे।



ऑपरेटर शिविर में उपस्थित नहीं हो रहे है। उनको निर्देशित करें तथा जहां आधार कार्ड या आधार अपडेट की समस्या आ रही है वहां पर कैंप लगाकर आधार का अपडेशन कराएं। इसके साथ ही जिले के सीएससी प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वीएलई को संबंधित कैंप में कार्य करने हेतु निर्देशित करें। कलेक्टर ने सभी बीएमओ, बीपीएम को निर्देशित किया है कि अधिकारी अपने विकासखंड स्तर पर सभी संबंधित कर्मचारियों की बैठक लें, एवं छूटे हुए हितग्राहियों की सूची का मिलान कराएं तथा एफआरए आदर्श ग्राम

सहायता योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड के संबंध में लगाए गए शिविर की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें जिले के स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला मितानिन, समन्वयक के साथ समस्त सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

आयुष्मान भारत खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशन कार्ड धारियों को 5 लाख तथा सामान्य निजी एवं शासकीय चिकित्सालय में इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है इसके साथ ही आयुष्मान भारत कार्ड धारियों को मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के अंतर्गत 20 लाख तक की विशेष परिस्थितियों में इलाज की सुविधा राज्य शासन द्वारा प्रदान की जाती है। कलेक्टर ने राज्य शासन की इस महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत जिले के समस्त आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिलाने हेतु समस्त बीएमओ एवं स्वास्थ्य अमला की टीम को निर्देशित कलेक्टर की अध्यक्षता में संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा ने सभी सुपरवाइजर एवं आरएचओ की शिविरवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनुसार बने आयुष्मान कार्डों की प्रगति एवं बनाने के लिए बचे आयुष्मान कार्डों को पूर्ण कराने के लिए पंचायतवार कार्य योजना की जानकारी लेते हुए, उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने में हो रही दिक्कतों को मैदानी स्तर पर जानकारी ली गई एवं जिले के चॉइस सेंटर के जिला प्रबंधक तथा ई-गवर्नेंस के प्रभारी को निर्देशित किया गया कि जहां -जहां चॉइस सेंटर पंचायतों में चुने हुए ग्रामों के लोगों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता से कराने को कहा साथ ही उन्होंने कार्य में लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता करने वाले कर्मचारी पर सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित दिये।

बैठक में उपस्थित समस्त आरएचओ एएनएम एवं सुपरवाइजरों को छूटे हुए हितग्राहियों की सूची तथा आयुष्मान भारत पंजीयन हेतु मोबाइल एप्लीकेशन का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

# चोरी का लेपटाप, मोबाईल व टेबलेट सहित एक गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले की भटगांव पुलिस ने चोरी के लेपटाप, मोबाईल व टेबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि न्यू माईनस भटगांव के अशोक तिवारी ने थाने म् रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 मार्च की अलसुबह कोई अज्ञात चोर के द्वारा घर से लेपटाप, मोबाईल, लेबलेट चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर पुलिस ने पतासाजी प्रारम्भ की। इस दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि भटगांव हॉटमेंट वार्ड नंबर 03 निवासी बलदेव देवांगन के द्वारा सूरजपुर, भटगांव व जिला कोरिया के चिरमिरी में लेपटॉप, टेबलेट व मोबाईल बेचने के लिए ग्राहक खोज रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर बलदेव देवांगन उर्फ चीनू 24 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार



किया जिसके निशानदेही पर एक लेपटॉप, एक टेबलेट व दो मोबाईल कुल कीमत 66049 रूपये का जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई सी.पी.तिवारी, प्रधान आरक्षक करन सिंह नेताम, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक प्रकाश साहू, मोहम्मद नौशाद, ताराचंद यादव, युवराज यादव, रौशन सिंह, प्रहलाद, शैलेष राजवाड़े, प्रभाकर व मनोज जायसवाल सक्रिय रहे।

# प्रशिक्षक के चयन हेतु वॉक इन इंटरव्यू 17 अप्रैल को

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत सूरजपुर जिले में खेलो इंडिया का फुटबॉल प्रषिक्षण केन्द्र फुटबॉल टेऊनिंग सेंटर हर्राटिकरा खेल एवं युवा कल्याण, सूरजपुर प्रारंभ किया जा रहा है योजना की गाईडलाइन अनुसार प्रषिक्षण केन्द्र के लिए 01 प्रषिक्षक नियुक्त किया जाना है। प्रषिक्षक के लिए योग्यता फुटबॉल में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी या सीनियर वर्ग की नेषनल ओपन चैम्पियनषिप(फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित) में प्रतिनिधित्व या अन्तर विष्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व एवं प्रषिक्षण कार्य का अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 20 अप्रैल 2023 को दोपहर 02:00 बजे संयुक्त कलेक्टर कार्यालय जिला सूरजपुर में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू (walk in interview) में शामिल हो सकते हैं। समय के पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किया जायेगा। प्रशिक्षण के चयन पश्चात भारत सरकार के खेलो इंडिया योजना के पोर्टल में प्रशिक्षक के बायोडाटा की एंट्री के पश्चात भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षक के वेतन के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली राशि के प्रशिक्षक को प्रतिमाह 25000 (पचीस हजार रूपये) का वेतन, शासन के प्रचलित नियमानुसार प्रदान किया जायेगा। चयनित प्रषिक्षक को राज्य शासन के किसी भी मद से वेतन भुगतान नहीं होगा और ना ही चयनित प्रशिक्षक राज्य सरकार या स्थानीय प्रशिक्षक से वेतन की मांग कर सकेगा। उक्त प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित योग्यता रखने वाले प्रषिक्ष, खिलाड़ी को वॉक इन इंटरव्यू (walk in interview) के लिए आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थी दिनांक 18 अप्रैल 2023 तक अपना आवेदन कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर में जमा कर सकते है। आवेदन फार्म उक्त कार्यालय अथवा जिले के वेबसाईट www.surajpur.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय नवापारा में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रारंभ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा में शिक्षा सत्र 2023-24 में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किया जाना है। प्रवेश हेतु विद्यार्थी अभिभावक ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से 10 अप्रैल से 05 मई तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय में एडमिशन हेतु निम्न निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

कक्षा 1 ली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 05 वर्ष 6 माह से 06 वर्ष 06 माह तक के मध्य होनी चाहिए। एक विद्यार्थी एक ही विद्यालय हेतु आवेदन कर सकता है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 6 वीं एवं कक्षा 9 वीं में प्राथमिकता से एडमिशन दिया जायेगा। जिसमें रिक्त सीट 1 ली में 50 तथा 7 वीं में 02 सीट रिक्त है। माहतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा। एडमिशन हेतु आवेदन पत्र साथ में पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जायेगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बी.पी.एल. एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जायेगा। पालको को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशन सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेडमी चयन किया जायेगा। रिक्त सीट के विरुद्ध अधिक पात्र आवेदक होने पर लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

बेवसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेष की प्रक्रिया लोक षिक्षा संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी प्रवेष नियमावली के अनुसार होगी तथा निर्धारित सीट से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर लोटरी के माध्यम से सीट आबंटित किया जाएगा।


**कार्यालय संयुक्त संचालक ( प्रशिक्षण ), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं, क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर, क्षेत्र- सरगुजा ( छ.ग. )**
**( आईटीआई अम्बिकापुर कैम्पस, सीओई भवन गांधी चौक अम्बिकापुर )**

दूरभाष क्रमांक : 07774—299389 ई—मेल : jditiamb@rediffmail.com

क्रमांक :— संयु.संचा. / औप्रसं / क्षे.का. / क्रय भंडार / 2023 / 438 अम्बिकापुर, दिनांक 03.04.2023

**निविदा सूचना**

कार्यालय संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर क्षेत्र सरगुजा संभाग के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उदयपुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के सुरक्षा व्यवस्था हेतु 03 सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है जिस हेतु पंजीकृत सुरक्षा एजेंसियों से सीलबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, जिला सरगुजा (छ.ग.) के शासकीय वेबसाईट www.surguja.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा जिसे join director (Training) Industrial Training Institute Regional Office Ambikapur Surguja Zoneds नाम देय निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 5000 (पांच हजार रूपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा किया सकेगा।

निविदा की महत्पवूर्ण तिथियां :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा जारी करने की तिथि | 05/04/2023 |
| 2 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 27/04/2023 समय दोपहर 12:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 27/04/2023 समय दोपहर 1:00 बजे से। |
| 4 | निविदा जमा करने का स्थान | कार्यालय संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाऐं, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर, क्षेत्र सरगुजा (छ0ग0) |
| 5 | अनुमानित निविदा लागत/मूल्य | रू. 600000.00(छः लाख रूपये मात्र) |
| 6 | अमानत राशि(Earnest Money Deposit) | रू. 6000.00(छः हजार रूपये मात्र) |

संलग्नक :— प्रपत्र एक, दो, तीन, चार, पांच एवं छः।

**संयुक्त संचालक ( प्रशिक्षण )**
**औद्योगि प्रशिक्षण संस्थाएं क्षेत्रीय कार्यालय**
**अम्बिकापुर, क्षेत्र सरगुजा**

जी-00125/3


## 14 अप्रैल को ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में होगा ग्राम सभा का आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा-6 हेतु प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर इफ्फत आरा ने आदेष जारी कर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में कोविड-19 से बचाव के समस्त गाईडलाईन का पालन करते हुये, 14 अप्रैल 2023 से प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्राम सभा आयोजित करने को कहा हैं। छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत् गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# जनता के मुद्दों को लेकर भाजपा ने बनाई आंदोलन की रणनीति

### मन की बात सुनने जिले के तीन सौ बूथो पर जोरशोर से तैयारी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भाजपा ने जिले के तीनो विधानसभा प्रेमनगर, प्रतापपुर व भटगांव क्षेत्र के कोर कमेटियों की बैठक पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा,भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, भीमसेन अग्रवाल, परमेश्वरी राजवाड़े, चरण सिंह अग्रवाल, अजय गोयल , रामकृपाल साहू, बनारसी जायसवाल, मोहन सिंह, लालबहादुर तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक न्याय पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों व मन की बात कार्यक्रम के सौवें एपिसोड की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यक्रमो मे पूरे मनोयोग से जुटने की अपील की।भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर,




भटगांव, व प्रेमनगर के सभी मतदान केन्द्रों में मन की बात सुनने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को मन की बात कार्यक्रम के सौवें कड़ी का प्रसारण होगा। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा के 100 मतदान केंद्रों पर 100से अधिक लोगों की उपस्थिति में मन की बात का योजना बनाएं। कार्यक्रम का संचालन जिलामहामंत्री मुरली सोनी ने किया। इस अवसर पर सत्यनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष भूलन सिंह, संतोष सिंह,महेश्वर सिंह, पुष्पा सिंह, रितेश गुप्ता, अशोक सिंह, संदीप अग्रवाल, शशि तिवारी, अशोक अग्रवाल, रितेश जायसवाल, दुर्गा शंकर जायसवाल, राजेश्वर तिवारी,शशि सिंह, पुरंजय मिश्रा, दीपक गुप्ता, रामकरण साहू, कपिल पाण्डेय, सुनील गुप्ता, मिथिला बंजारा, अजय अग्रवाल, सत्यनारायण जायसवाल, लवकेश पैकरा, शिव प्रसाद सिंह ,राजकुमार गुप्ता, राजेश यादव ,महबुल्ला रजा, जगमोहन सिंह, रामशिरोमणि साहू राजेश तिवारी, सुभाष राजवाड़े,अक्षय तिवारी,रामधन राजवाड़े, लीलू गुप्ता, रामेश्वर बैस, देवधन बिझिया, सुरेंद्र राजवाड़े उपस्थित रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया समरसता पखवाड़ा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर सामाजिक समरसता पखवाड़ा के तहत लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला सूरजपुर के द्वारा जरही मंडल के खड़गवां कला में सामाजिक समरसता पखवाड़ा कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के साथ भोजन पान किया गया। जिसमें संबोधित करते हुए रामसेवक पैकरा ने कहा कि हमारा देश भाईचारा एवं शांति प्रिय देश है हम सभी समाज एक दूसरे के पूरक हैं। बाबूलाल अग्रवाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए सबका साथ सबका विकास नारा को चरितार्थ करती है। अरुणा सिंह संभागीय प्रभारी ने कहा हम सभी समाज समुदाय के लोग एक समान है। लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है भारत वसुधैव कुटुंबकम का भाव और सिद्धांत पर चलने वाला देश है उन्होंने कहा कि यह समरसता पखवाड़ा कार्यक्रम जिला एवं सभी मंडलों में किया जाना तय है।



इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व गृह मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गोयल महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री व संभाग प्रभारी श्रीमती अरुणा सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा सिंह, उपाध्यक्ष जिला लाल संतोष सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरण खेश,शांति सिंह, मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महेश्वरी शर्मा, नूतन विश्वास, महरजिया सिंह, ज्योति सिंह उपस्थित रहे।

## *जिले के राशन दुकानों में इस माह से मिलेगा में फोर्टिफाइड चावल*

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** खाद्य अधिकारी के निर्देश पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह अप्रैल से राज्य के सभी जिलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी अन्त्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशनकार्डो पर फोर्टिफाइड चावल वितरण प्रारंभ किया जाना है। फोर्टिफाइड चावल के फायदे पौष्टिक तत्व आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 से भरपूर, खून की कमी कुपोषण दुर करने के साथ कई प्रकार के स्वास्थ्यवर्धक गर्भवती महिलाओं में खून निर्माण, पूर्ण विकास, नर्वस सिस्टम के लिए बहुत लाभदायक, मध्यान भोजन तथा पूरक पोषण आहार योजनाओं के लिए आप सभी फोर्टिफाइड चावल की व्यवस्था सार्वजनिक वितरण प्रणाली राशन कार्ड के माध्यम से वितरण करना है। सामान्य से अधिक चिकना होने के कारण अरवा चावल से अलग दिखता है लेकिन कदापि प्लास्टिक नहीं है बल्कि बेहतर गुणवत्ता वाला चावल है। फोर्टीफइड चावल के वितरण के प्रचार- प्रसार हेतु ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक भवन, ग्राम पंचायत, शासकीय उचितमूल्य दुकान, आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय विद्यालय भवनों पर प्रदर्षित हेतु पाम्पलेट, बैनर चस्पा कराया जा रहा है। फोर्टीफइड चावल के सभी विकास खण्डों में शासकिय उचितमूल्य दुकान संचालकों की बैठक में फोर्टीफाइड चावल के संबन्ध में जानकारी प्रदान की जा रही है ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों एवं स्थानियों जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर फोर्टीफाइड चावल के सम्बन्ध में व्याप्त भ्रांतियों को दुर कर उसके लाभों के संबंध में अवगत कराया जा रहा है।

सरगुजा फ्रंटलाइन

# सद्भावना की परंपरा के अनुरूप मनाया जाएगा ईद और अक्षय तृतीया का त्यौहार

## शांति समिति की बैठक में जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर, एसपी की अपील




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** आगामी 22 अप्रैल को परशुराम जयंती, ईद-उल-फितर और अक्षय तृतीया सरगुजा जिले में हमेशा की तरह सद्भावना के बीच परंपरागत तरीके से उत्साह और सद्भावपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। कलेक्टर कुंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाज प्रमुखों, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों और मीडिया प्रतिनिधियों ने उपस्थित दर्ज करा जिले में शांतिप्रिय वातावरण बनाए रखने में हरसंभव सहयोग की बात कही। बैठक में कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि शांति और सद्भाव के साथ मिल-जुलकर त्यौहारों को मनाना सरगुजा जिले की परंपरा रही है, इसे बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा त्यौहार में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजनों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। सोशल मीडिया पर नजर रखने और आपत्तिजनक सामग्री जानकारी में आने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा लोक शांति को प्रभावित करने वालों पर शीघ्र कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा इन दिनों सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वाले फेंक न्यूज वायरल हो रहे हैं, इसकी सत्यता जाने बिना आक्रोशित नहीं होना चाहिए। इस तरह की जानकारी की पहले सत्यता जांचें। उन्होंने कहा भाईचारे का जो ताना-बाना सरगुजा में वर्षों से बना हुआ है, उसे अक्षुण्ण रखें। शांति समिति की बैठक में बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने सभी को आगामी त्यौहारों की बधाई दी। उन्होंने शांति समिति के सभी सदस्यों से अपील की, जिले की सौहार्द्रपूर्ण संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने में सहयोग करें। गर्मी के मौसम को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करने का उन्होंने सुझाव दिया। श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि जिले की परंपरा को बनाए रखते हुए आगामी त्यौहारों को शांति और सद्भावना पूर्वक मनाएं। प्रशासन के साथ मिलकर जिले में शांति, भाईचारे को बनाए रखने के दायित्व को जिम्मेदारी से निभाएं। उन्होंने समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया पर आने वाली खबरों और जानकारी पर निगरानी बनाए रखने की अपील की। मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष इरफान सिद्दीकी एवं दानिश रफीक ने ईद-उल-फितर के संबंध में बताते हुए कहा कि 22 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी। उन्होंने त्यौहार के मद्देनजर विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही। बैठक में जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता, पार्षद द्वितेन्द्र मिश्रा, आलोक दुबे सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव, करता राम गुप्ता, कैलाश मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भ्रामक खबर, सूचना नहीं फैलाने की अपील

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि जिले की शांति भंग करने, सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर है। किसी प्रकार की भ्रामक या अधूरी खबर, वीडियो अथवा विवादित पोस्ट ना फैलाएं, ना प्रसारित करें। कोई आपत्तिजनक जानकारी, अफवाह या भ्रामक सूचना संज्ञान में आए तो तुरंत पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों को इसकी सूचना दें। जारी किए गए नंबर 62668 86061 पर भी सूचना दी जा सकती है।

# चोर गिरोह के निशाने पर बिजली ट्रांसफार्मर



**छ.ग.फ्रंटलाइन प्रतापपुर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत भरदा में बिजली ट्रांसफार्मर चोर गिरोह सक्रिय है। बिजली ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाओं से किसानों में रोष है, बिजली आपूर्ति ठप होने से फसल को पहुंचने वाले नुकसान की चिंता सता रही है। विकासखंड प्रतापपुर के समीप ग्राम भरदा में लगे बिजली के ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटना से विद्युत विभाग भी सकते में है। गर्मी के सीजन की शुरुआत होने के साथ ही ट्रांसफार्मर चोर गिरोह सक्रिय हैं। मामले में पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ट्रांसफार्मर चोरों के हौसले बुलंद है। विद्युत विभाग भी ट्रांसफार्मर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराकर खानापूर्ति करने में लगा है। इससे सरकार और विभाग को नुकसान पहुंच रहा है। चोरों के द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर से कीमती सामान कॉपर, तेल और अन्य सामान निकालने के बाद अनुपयोगी ट्रांसफार्मर के अवशेष को वहीं छोड़ दिया जाता है। ट्रांसफार्मर चोरी की घटना से इलाके में बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है। विलंब से ट्रांसफार्मर चोरी की रिपोर्ट विभाग की ओर से दर्ज कराने और नया ट्रांसफार्मर लगाने में विलंब करने से किसानों की परेशानी बढ़ती है। इस समय रबी फसल का सीजन चल रहा है, इसे देखते हुए विभाग को त्वरित पहल कर ट्रांसफार्मर लगवाने की पहल करनी चाहिए।

### जानकार गिरोह का हाथ होने की संभावना

विद्युत ट्रांसफार्मर के महंगे सामानों की चोरी की घटनाओं को लेकर कबाड़ियों पर संदेह की सुई घूम रही है। जानकार चोर के द्वारा ट्रांसफार्मर से कॉपर, तेल और अन्य सामान निकाल कर कबाड़ियों को खपाया जा रहा हो, तो कोई बड़ी बात नहीं होगी।

## खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का दौरा कार्यक्रम



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत 14 अप्रैल को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे। श्री भगत प्रातः 10:10 बजे रायपुर पुलिस ग्राउंड से जिले के मैनपाट विकासखंड के ग्राम परपटिया के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला आगमन पश्चात स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अपरान्ह 01:35 बजे अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम महेशपुर प्रस्थान कर यहां सड़क निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगें। वे अपरान्ह 04:05 बजे महेशपुर से हेलीकाप्टर द्वारा पुलिस ग्राउंड रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# विवि ने गोद ग्राम घंघरी में चलाया जागरूकता व स्वच्छता अभियान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में शिक्षण विभाग पर्यावरण विज्ञान एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के गोद ग्राम घंघरी, विकासखंड अंबिकापुर के शासकीय प्राथमिक शाला रुखपुर में जनसंपर्क कर जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में डॉ. अर्नव बनर्जी, डॉ. मनोज कुमार झारिया, शासकीय प्राथमिक शाला के प्राचार्य रामचरण यादव, प्राथमिक शाला के विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में पर्यावरण जागरूकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देने के साथ ही पौधरोपण एवं उसके महत्व, कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद उपस्थित शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पठन-पाठन सामग्री एवं मॉस्क का वितरण किया गया। शिक्षकों के द्वारा सवाल-जवाब प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को हैंड सैनीटाइजर का उपयोग कराया गया।



# राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन के सीईओ ने की पीएमकेएसवाई डब्लूडीएस की समीक्षा

## जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी की संभागीय बैठक संपन्न




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रणवीर शर्मा की अध्यक्षता में गत बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी की संभागीय बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में संभाग के सभी जिलों के उप संचालक कृषि तथा परियोजना अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में रणवीर शर्मा द्वारा पीएमकेएसवाई डब्लूडीएस 2.0 की समीक्षा की गई, जिसमें उनके द्वारा परियोजना के उद्देश्य के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया यह ऐसी योजना है जिससे जलग्रहण क्षेत्र में निवासरत किसानों का सर्वांगीण विकास संभव है। जल एवं भूमि संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन, क्षेत्र विस्तार तथा कृषि विविधीकरण एवं समूह में रहकर कार्य करने का अवसर एवं प्रेरणा मिलता है। उन्होंने समय-सीमा में आवंटित कार्यक्रम तथा डीपीआर में प्रस्तावित कार्य को पूर्ण करने तथा जारी आवंटन राशि का गुणवत्तापूर्ण उपयोग करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर कपिल देव दीपक द्वारा जलग्रहण समिति के माध्यम से कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति तथा प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य आरंभ करने कहा। समीक्षा बैठक में रायपुर से सूरज देव कुशवाहा सहित संभाग अंतर्गत जलग्रहण समितियों के डब्ल्यूडीटी एवं डब्ल्यूसीडीसी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक उपरांत राज्य स्तरीय दल द्वारा विकासखंड लखनपुर में परियोजना अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अमृत महोत्सव ग्राम कुन्नी एवं महिला स्वयं सहायता समूहों और उपस्थित किसानों से परिचर्चा भी की गई।

# आदर्श गौठान के लिए बकरी खरीदी, पशु व्यापारी को आज तक नहीं मिली राशि

**कलेक्टर से शिकायत पर सुनवाई नहीं, परिवार के साथ भूख हड़ताल में बैठने की तैयारी में व्यापारी**



**छ.ग.फ्रंटलाइन प्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ में गौठान के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़कर उनकी आय को दोगुना करने कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खंडगवां कला गौठान में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उप संचालक पशु एवं चिकित्सा सेवाएं सूरजपुर ने जिला परियोजना अधिकारी मनरेगा के कहने पर सूरजपुर जिला में पंजीकृत पशु व्यापारी हफीजुल्लाह के माध्यम से 24 नग बकरी और चार नग बकरा उपलब्ध कराया था। पशु व्यापारी द्वारा बिल, वाउचर जनपद पंचायत प्रतापपुर को दिया गया लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी उसे आज तक बकरी इकाई की राशि प्रदान नहीं की गई है। परेशान होकर पशु व्यापारी हफीजुल्लाह ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन देकर एक सप्ताह के अंदर राशि दिलाने की मांग की है। रकम नहीं मिलने पर पशु व्यापारी ने अपने परिवार के साथ जनपद पंचायत प्रतापपुर कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल में बैठने की चेतावनी दी है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु की गई पहल के बीच इस प्रकार की स्थिति का सामना पशु व्यापारी को करना पड़ रहा है। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा शासकीय धन में बंदरबांट की मंशा रखने जैसे आरोप लग रहे हैं। देखना है कि पशु व्यापारी की चेतावनी के बाद मामले में जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

## विवि टॉस्क फोर्स ने पौधारोपण की महत्ता बता फलदार वृक्षों का किया वितरण




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** विश्वविद्यालय टॉस्क फोर्स द्वारा 13 अप्रैल को अंबिकापुर ब्लॉक के गोद ग्राम घघंरी स्थित शासकीय विद्यालय में जन-जागरूकता लाने विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन, उर्जा स्त्रोत, संधारित विकास के संबंध में जानकारी दी गई। डॉ. अर्नव बनर्जी एवं डॉ. मनोज कुमार झारिया ने पौधारोपण की मानव जीवन में महत्ता एवं भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़े रहने एवं संरक्षण हेतु फलदार वृक्ष जैसे आम, जामुन, आंवला, अमरुद इत्यादि का वितरण किया गया। साथ ही वृक्षों के महत्वों का प्रचार-प्रसार करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय टास्क.फ़ोर्स के सदस्य, शासकीय प्राथमिक शाला के प्राचार्य राम चरण यादव, विद्यार्थी, आंगनबाड़ी एवं ग्राम पंचायत के सदस्य व कार्यकर्ता तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कम उम्र में विवाह से हिंसा, दुर्व्यवहार, उत्पीड़न का बनती है स्थिति

## ग्राम चुनगुड़ी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**छ.ग.फ्रंटलाइन जरही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविंद नारायण जांगड़े के निर्देशन और अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तालुका विधिक सेवा समिति प्रतापपुर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत चुनगड़ी में पैरा लीगल वालेंटियर विकास कुमार प्रजापति द्वारा बाल विवाह पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पैरालीगल वालेंटियर ने ग्रामीण बालिकाओं को बताया कि समाज में आज भी बाल-विवाह चिंता का विषय है। बाल विवाह से बच्चे अच्छे स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाते हैं, इसलिए हमको बाल विवाह नहीं करना चाहिए, क्योंकि कम उम्र में विवाह के कारण लड़कियों को हिंसा, दुर्व्यवहार, उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। बाल विवाह करने पर कठोर कानून भी बने हैं, इसलिए उम्र होने पर ही विवाह करना चाहिए। इस दौरान कानूनी जागरूकता से संबंधित पंपलेट बांटकर लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में गांव की मितानिन और बालिकाएं शामिल थीं।

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** हर दिन पावन के ध्येय को साकार करते हुए महान सेनानी महाराणा सांगा के जन्मदिवस पर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय के रेडक्रॉस सोसायटी अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सांस्कृतिक सभाकक्ष में किया गया। सामाजिक सारोकार व रक्तदान कर्तव्य बोध निमित्त बीएड प्रशिक्षणार्थियों व विवेकानंद यूथ सर्किल द्वारा नि:स्वार्थ सेवा भाव को चरितार्थ करते हुए इस मौके पर रक्तदान किया, जिसमें विद्यार्थियों के साथ कॉलेज के स्टाफ भी शामिल हुए। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिया गया। शिविर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर के ब्लड बैंक यूनिट के मेडिकल आफिसर डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. त्रिशांत सिंह, डॉ. उमेश नामदेव, अंजय कुमार कुजूर, हरिहर सिंह लैब टेक्नीशियन, अंजुला मिश्रा काउंसलर, शानीजान मरावी, अरुण कुमार पैरामेडिकल विद्यार्थी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा, रानी रजक, गोल्डन सिंह, मिथलेश कुमार गुर्जर, युवा आयाम विवेकानंद यूथ सर्किल के नगर प्रमुख हिमांशु गर्ग व बीएड प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित को घेराबंदी करके चंद घंटे में गिरफ्तार की पुलिस

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दुष्कर्म के मामले में गांधीनगर थाने की पुलिस ने आरोपित को चंद घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन मे महिला उत्पीड़न पर त्वरित व सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में पुलिस ने प्रार्थिया द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर सूरज चेरवा निवासी गांधीनगर को गिरफ्तार किया, जो शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 376(2)(एन), भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर प्रदेश की पुलिस गंभीर है। ऐसे किसी भी मामले में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने तत्काल अपराध दर्ज करने व आरोपित की विधिवत गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में गांधीनगर थाने में पीड़ित महिला के द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपित की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपित सूरज चेरवा निवासी गांधीनगर को छिपने या भागने का मौका दिए बगैर चंद घंटों में घेराबंदी कर हिरासत में लिया और पूछताछ की तो उसने दुष्कर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपित की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे के साथ सहायक उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे, आरक्षक अजय तिवारी, उमाशंकर साहू, श्याम लाल, घनश्याम देवांगन, दिलबोधन राम की सक्रिय भूमिका रही।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक- कमलेश मिश्रा